Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 261 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, शनिवार 13 अप्रैल 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

डरना और डराना दोनों पाप है।

To be frighten and to frighten both are sins.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

संक्षिप्त समाचार

लोकसभा चुनाव : सपा की एक और लिस्ट जारी

लखनऊ (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) ने शुक्रवार को एक और सूची जारी की। इस सूची में दो प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई है। पार्टी ने कौशांबी से पुष्पेंद्र सरोज और कुशीनगर से अजय सिंह को उम्मीदवार बनाया है। पुष्पेंद्र सरोज बसपा के कद्दावर नेता रहे हैं और पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज के बेटे हैं। बता दें कि उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर सपा-कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ रही है। इसमें सपा 63 और कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

उमर अब्दुल्ला का आरोप, देश में अघोषित आपातकाल

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि इस समय देश में अघोषित आपातकाल है और सरकार के मामलों में कोई पारदर्शिता नहीं है। फारूक अब्दुल्ला द्वारा उत्तरी कश्मीर बारामूला लोकसभा सीट के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा के बाद श्रीनगर में पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए उमर ने आरोप लगाया कि इस समय देश में अघोषित आपातकाल लागू है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अघोषित आपातकाल है। इंदिरा गांधी के युग के विपरीत, उन्होंने साहसपूर्वक आपातकाल की घोषणा की और उसके बाद चुनाव भी कराए, वर्तमान शासन में ऐसी पारदर्शिता का अभाव है।

प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में चुनावी रैली को किया संबोधित

जम्मू-कश्मीर को फिर मिलेगा पूर्ण राज्य का दर्जा : मोदी

उधमपुर (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए विपक्ष दलों पर जमकर प्रहार किया। पीएम मोदी ने कहा कि वह समय दूर नहीं जब जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होंगे। जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलेगा। आप अपनी बात अपने विधायकों और मंत्रियों के साथ शेयर कर सकेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि सत्ता के लिए इन्होंने जम्मू-कश्मीर आर्टिकल 370 की ऐसी दीवार बना दी थी। ऐसा भ्रम बनाकर रखा था कि 370 है तभी उनकी जिंदगी बचेगी। लेकिन आपके आशीर्वाद से मोदी ने 370 की दीवार गिरा दी। दीवार ही नहीं उस मलबे को जमीन में गाड़ दिया है।

पीएम मोदी ने कहा कि ये कहते थे कि 370 हटी तो आग लग जाएगी, जम्मू-कश्मीर हमें छोड़कर चला जाएगा। लेकिन जम्मू-कश्मीर के नौजवानों ने इनको आईना दिखा दिया। अब देखिए, जब उनकी यहां नहीं चली, जम्मू-कश्मीर के लोग उनकी असलियत जान गए, तो ये लोग अब जम्मू -कश्मीर के बाहर देश के लोगों के बीच भ्रम फैलाने का खेल, खेल रहे हैं। ये कहते हैं कि 370 के हटने से देश को कोई लाभ नहीं हुआ।

पीएम मोदी ने कहा कि 10 साल के अंदर-अंदर जम्मू-कश्मीर पूरी तरह बदल चुका है। सड़क, बिजली, पानी, यात्रा, प्रवास ये सब तो है ही, लेकिन सबसे बड़ी बात है, जम्मू कश्मीर का मन बदला है। निराशा से आशा की ओर बढ़े हैं, जीवन पूरी तरह विश्वास से भरा हुआ है। इतना विकास यहां हुआ है, चारों तरफ विकास हो रहा है। लोग कहेंगे मोदी जी इतना कर लिया। मैं अगर यहां नहीं आता तो भी मुझे पता था जम्मू-कश्मीर से मेरा नाता इतना गहरा है कि तो आप मेरे लिए मुझसे भी ज्यादा करेंगे। लेकिन मैं तो आया मां वैष्णो देवी के चरणों में बैठे हुए आप लोगों के बीच दर्शन करने के लिए। मां वैष्णो देवी की छत्र-छाया में जीने वाले भी मेरे लिए दर्शन के योग्य होते है।

उन्होंने कहा कि मेरे जम्मू-कश्मीर के बहनों और भाइयों, आपने पहले इतने बुरे दिन देखे हैं कि आपको ये सब विकास की तरह बहुत बड़ा लग रहा है। लेकिन ये जो मोदी है ना, ये बहुत बड़ा और दूर की सोचता है। इसलिए अब तक जो हुआ है वो तो ट्रेलर है, ट्रेलर। मुझे तो नए जम्मू-कश्मीर की नई और शानदार तस्वीर बनाने के लिए जुट जाना है। वो समय दूर नहीं जब जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा के चुनाव होंगे। जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा मिलेगा। आप अपने विधायक और मंत्रियों से अपने सपने साझा कर सकेंगे। हर वर्ग की समस्या का तेजी से समाधान होगा।

राम मंदिर का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस को खरी-खरी भी सुनाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उनका इको सिस्टम, अगर कभी मुंह से राम मंदिर भी निकल गया तो चिल्लाने लग जाती है, रात-दिन चिल्लाती है कि राम मंदिर भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा है। राम मंदिर ना कभी चुनाव का मुद्दा था, ना चुनाव का मुद्दा है और ना ही कभी चुनाव का मुद्दा बनेगा। राम मंदिर का संघर्ष तो तब से हो रहा था जब भाजपा का जन्म भी नहीं हुआ था। राम मंदिर का संघर्ष तब से हो रहा था जब यहां अंग्रेज सल्तनत भी नहीं आई थी। राम मंदिर का संघर्ष 500 साल पुराना है, जब चुनाव का कोई नामोनिशान नहीं था। जब विदेशी आक्रांताओं ने हमारे मंदिर तोड़े। तब भारत के लोगों ने अपने धर्मस्थलों को बचाने की लड़ाई लड़ी।

पीएम मोदी ने कहा कि बरसों तक लोगों ने अपनी ही आस्था के लिए क्या-क्या नहीं झेला। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के नेता बड़े-बड़े बंगलों में रहते थे। लेकिन, जब रामलला का टेंट बदलने की बात आती थी, तो लोग मुंह फेर लेते थे, अदालतों की धमकियां देते थे। बारिश में रामलला का टेंट टपकता रहता था और रामलला के भक्त टेंट बदलवाने के लिए अदालतों के चक्कर काटते रहते थे। यह उन करोड़ों लोग की आस्था पर आघात था जो भगवान राम को अपना आराज्य कहते है और हमने इन्हीं लोगों से कहा कि एक दिन आएगा, जब रामलला भव्य मंदिर में विराजेंगे।

भ्रष्टाचार पर सरकार का प्रहार जारी रहेगा : पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरे कार्यकाल के लिए आश्वस्त हैं। उन्होंने हिन्दुस्तान से बातचीत में कहा कि भ्रष्टाचार पर सरकार का प्रहार जारी रहेगा। पीएम मोदी ने कहा कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है, वहां भी भ्रष्टाचार के खिलाफ कदम उठाए जा रहे हैं। पीएम ने कहा, अब ये जो नैरेटिव आपको सुनने में आया है कि सिर्फ राजनीतिक भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई हो रही है, ये वो लोग चला रहे हैं जिन पर जांच की तलवार लटकी है। मैं आपको एक और तथ्य बताता हूं, जिसकी ज्यादा चर्चा नहीं होती। ईडी के पास भ्रष्टाचार के जितने मामले हैं, उनमें से केवल तीन फीसदी ही राजनीति से जुड़े व्यक्तियों के हैं। बाकी 97 फीसदी मामले अधिकारियों और अन्य अपराधियों से संबंधित हैं। इनके विरुद्ध भी कार्रवाई हो रही है। जिन लोगों को भ्रष्ट व्यवस्था में फायदा दिखता है, वो लोगों के सामने गलत तस्वीर पेश कर रहे हैं। ईडी ने कई भ्रष्ट अफसरों को भी गिरफ्तार किया है। भ्रष्ट नौकरशाहों, आतंकी फंडिंग से जुड़े अपराधियों, मादक पदार्थों के तस्करों की भी हजारों करोड़ की संपत्ति जब्त की गई है।

दादा नकुल देव ने समाजसेवा और लोकहित के लिए अपना जीवन समर्पित किया : सीएम विष्णुदेव साय

दादा नकुल देव ढीढी जी की 110वीं जयंती पर शामिल हुए मुख्यमंत्री

महासमुंद/तुमगांव (विसं)। गुरु घासीदास जयंती की शुरुआत करने वाले, पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के लिए प्रथम सत्याग्रह करने वाले दादा नकुल देव ढीढी जी की 110वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। महासमुंद के तुमगांव में आयोजित कार्यक्रम में श्री साय ने दादा नकुल देव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती की शुरुआत करने वाले दादा नकुलदेव ढीढी जी की जयंती पर उनको सादर नमन, विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। उन्होंने कहा कि एक छोटे से गांव के रहने वाले दादा नकुल देव ने समाजसेवा और लोकहित के लिए अपना जीवन समर्पित किया। समाज को नि:स्वार्थ भाव से अपने 150 एकड़ जमीन को दान कर दिया। ऐसे व्यक्ति बहुत विरले ही मिलते हैं। उनके बताए मार्गों पर चलकर हम सबको समाजसेवा करना है, उनकी जयंती मनाने की यही सार्थकता है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बाबा घासीदास को नमन करते हुए कहा कि बाबा घासीदास 18वीं सदी के महान संत थे। एक समय जब देश में छुआछूत और भेदभाव चरम पर था, उस समय बाबा गुरु घासीदास का जन्म हुआ, जिन्होंने मनखे-मनखे एक समान का संदेश देते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों और बुराइयों को मिटाने का महती काम किया। ऊंच-नीच, भेदभाव को खत्म किया।

उन्होंने कहा कि 18 दिसंबर को हम सब जो बाबा जी की जयंती मनाते हैं, उनकी शुरुआत दादा नकुल देव ढीढी ने की थी। आज छत्तीसगढ़ के 3 करोड़ लोग बाबा के संदेशों को आत्मसात कर आगे बढ़ रहे हैं।श्री साय ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ खनिज सम्पदा, वन सम्पदा से परिपूर्ण है। यहाँ की धरती-माटी उपजाऊ है, यहाँ के किसान मेहनती हैं। इसलिए हम सब मिलकर विकसित छत्तीसगढ़ बनाएँगे। आज जो मुझे ये बड़ा दायित्व मिला है, उसका अच्छे से निर्वहन करूँ। ये आशीर्वाद बाबा गुरु घासीदास जी, दादा नकुलदेव ढीढी जी से लेने आया हूँ और आप सभी से सहयोग मांगने आया हूँ।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मात्र 3 महीने में ही हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के सभी प्रमुख वादे को प्रमुखता से पूरा किया है। किसान और महिलाओं के लिए हमारी सरकार ने अच्छे काम किये। मोदी जी की सोच है कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाना है। अपने 10 वर्षों के शासनकाल में उन्होंने भारत की आर्थिक स्थिति को सुधारते हुए 11वें स्थान से 5वें स्थान पर लाया है। इसलिए विकसित भारत बनाने में हमारे छत्तीसगढ़ का भी पूरा सहयोग हो, इसकी मांग मैं आप सभी से करता हूँ।

कार्यक्रम में मंत्री दयालदास बघेल, मंत्री टंकराम वर्मा, लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी, विधायक पुरंदर मिश्रा एवं योगेश्वर राजू सिन्हा, सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक पूनम चंद्राकर, संजय ढीढी एवं विमल चोपड़ा, भाजपा नेत्री सरला कोसरिया, राशि महिलांग, त्रिभुवन महिलांग, वीरेंद्र कुमार ढीढी सहित अन्य पदाधिकारी और समाज जन उपस्थित थे।

कोई बीजेपी लहर नहीं, केवल कांग्रेस और 5 गारंटी लहरें : डीके शिवकुमार

कालाबुरागी (एएनआई)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार ने शुक्रवार को राज्य में भाजपा की लहर से इनकार किया और कहा कि केवल कांग्रेस और पांच गारंटी लहरें हैं। यहां एक बड़ा चलन चल रहा है। राज्य में बीजेपी की कोई लहर नहीं है। यह केवल कांग्रेस की लहर और पांच गारंटी की लहर है। कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में 20 से ज्यादा सीटें जीतेगी ...होगी। डीके शिवकुमार ने कहा कि कर्नाटक में बदलाव होगा। उनकी पार्टी (जेडीएस) का बीजेपी में विलय होने जा रहा है या बीजेपी उन्हें एनडीए से बाहर कर देगी। एक दिन पहले जनता दल (सेक्युलर) प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और उनके बेटे और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी , उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार पर तंज कसते हुए कहा था कि दोनों नेता कैसे अपनी ताकत मजबूत करेंगे. पार्टी अगर उनके परिवार के सदस्य भाजपा से चुनाव लड़ेंगे । कुमारस्वामी और देवेगौड़ा अपने परिवार के सदस्यों को भाजपा से कैसे मैदान में उतार सकते हैं और जेडीएस पार्टी का निर्माण कैसे कर सकते हैं? डीसीएम डीके शिवकुमार ने चुटकी ली । शिवकुमार गुरुवार रात जेडीएस नेता अक्कुरोड्डी शिवन्ना और अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं के कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के बाद केपीसीसी कार्यालय में बोल रहे थे।

ईरान और इजराइल न जाएं भारतीय, मोदी सरकार ने जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत ने नई ट्रैवल एडवाइजरी जारी करते हुए भारतीय नागरिकों को ईरान और इजराइल न जाने की सलाह दी है। मंत्रालय ने ईरान और इजरायल में मौजूद भारतीयों से अनुरोध किया है कि वे भारतीय दूतावास के साथ संपर्क में रहें और अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं।

विदेश मंत्रालय ने आज इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी। यह एडवाइजरी उन रिपोर्ट्स के बीच जारी की गई है जिनमें कहा जा रहा है कि ईरान अगले 48 घंटों के भीतर इजरायल पर हमला कर सकता है। वहीं, दूसरी तरफ, अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने दावा किया है कि ईरान अगले दो दिन में इजराइल पर हमला कर सकता है। WSJ ने शुक्रवार को अमेरिकी इंटेलिजेंस के हवाले से ये जानकारी दी है।

मुरादाबाद में गरजे अमित शाह, बोले- यूपी से अब गुंडे कर रहे हैं पलायन

मुरादाबाद (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को मुरादाबाद में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यूपी में माफिया राज अब खत्म हो गया है। यहां आज गुंडे पलायन कर रहे हैं। विपक्ष देश को बांटने का काम कर रहे हैं। यूपी में विकास के कई काम हुए हैं। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा और कहा कि पीएम मोदी ने अपने सारे वादे पूरे किए हैं। मैं यहां पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 2013 में आया था। उस समय यहां पर डर, दंगे, गौ तस्करी और गुंडों का राज चलता था। आपने समाजवादी पार्टी को हटाया और यहां पर डर, गुंडे और गौ तस्करी की जगह वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट का काम चालू हुआ और विकास आगे बढ़ा है। योगी आदित्यनाथ जी ने सात साल के अंदर उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने का काम किया है। यहां से पलायन, माफिया राज और गौ तस्करी खत्म हो गई है।

उन्होंने कहा कि मोदी जी ने उत्तर प्रदेश को 4 एयरपोर्ट और 6 एक्सप्रेसवे दिए। कांग्रेस के खड़गे जी कहते हैं कि राजस्थान और उत्तर प्रदेश वालों को कश्मीर से क्या लेना-देना। मैं इन्हें बताना चाहता हूं कि मुरादाबाद का बच्चा-बच्चा, कश्मीर के लिए अपनी जान देने के लिए तैयार है। 70 साल तक कांग्रेस धारा 370 को बच्चे की तरह अपनी गोद में खिलाती रही। आपने मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया।

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए अधिसूचना जारी

रायपुर (विसं)। छत्तीसगढ़ में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत तीसरे चरण के लिए शुक्रवार को निर्वाचन की अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके साथ ही तीसरे चरण के लिए राज्य के रायपुर, दुर्ग, कोरबा, लोकसभा चुनाव 2024 बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ व सरगुजा संसदीय क्षेत्र में अभ्यर्थी अपना नामांकन पत्र 19 अप्रैल तक दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 20 अप्रैल को होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल निर्धारित है। तीसरे चरण के लिए मतदान 7 मई को होगा। गौरतलब है कि राज्य में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए बस्तर संसदीय क्षेत्र और दूसरे चरण के लिए महासमुंद, कांकेर व राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इन चारों सीटों पर कुल 52 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

कांग्रेस के काल में तो गणेश जी की मूर्ति भी चीन से आती थी : जेपी नड्डा

सीधी (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि बीते 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है और देश में बदलाव आया है। कांग्रेस के शासन काल में तो गणेश जी की प्रतिमा तक चीन से आती थी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शुक्रवार को मध्य प्रदेश के प्रवास पर हैं। उन्होंने सीधी संसदीय क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार डॉ राजेश मिश्रा के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा, कांग्रेस पहले राजनीति भाई को भाई से लड़ने के लिए करती थी, मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति की परिभाषा ही बदल दी। भारत के विकास की रफ्तार और आते बदलाव का जिक्र करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा, वर्तमान में ऑटोमोबाइल बाजार में भारत ने जापान को भी पीछे छोड़ दिया है, हमसे आगे सिर्फ अमेरिका और चीन है। हम तीसरे नंबर पर हैं। 10 साल पहले मोबाइल पर लिखा होता था- मेड इन चाईना, अब इस मोबाइल पर लिखा हुआ है मेड इन इंडिया। यह फर्क है। इतना ही नहीं दुनिया में सस्ती और असरदार दवा भारत के उद्योगपति बना रहे हैं। दुनिया में निर्यात लगातार हमारा बढ़ा है। हालत यह थी कि 10 साल पहले गणेश जी भी चीन से आते थे, दिवाली के समय जो गणेश जी खरीदते थे, वह भी चीन से आते थे और यह खिलौने चीन से आते थे।

भाजपा ने जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र के सभी स्तरों को निलंबित कर दिया है : जयराम रमेश

नई दिल्ली (एएनआई)। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर दौरे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने सभी स्तरों को निलंबित कर दिया है। लोकतंत्र की और नए चुनाव कराने से इनकार कर दिया। आज, प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जा रहे हैं । पूर्ववर्ती राज्य में सत्ता बरकरार रखने के अपने प्रयास में, भाजपा सरकार ने अब लोकतंत्र के लगभग सभी स्तरों को निलंबित कर दिया है, और नए सिरे से चुनाव कराने से इनकार कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी को अपने निलंबन के लिए जवाब देना चाहिए लोकतंत्र की, रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने बताया कि 2018 में भाजपा द्वारा महबूबा मुफ्ती सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद से जम्मू-कश्मीर में कोई निर्वाचित सरकार नहीं है । रमेश ने कहा, बीजेपी ने बिगड़ती सुरक्षा स्थिति का हवाला देते हुए 2018 में महबूबा मुफ्ती सरकार से समर्थन वापस ले लिया था. तब से जम्मू-कश्मीर के लोग निर्वाचित सरकार के बिना रह गए हैं. उन्होंने कहा, विधानसभा चुनाव में देरी के कारण राज्यसभा की चार सीटें भी खाली हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा केंद्र को सितंबर 2024 तक जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने के लिए कहने पर , रमेश ने कहा, केंद्र ने अक्सर चुनाव कराने में देरी के लिए भारत के चुनाव आयोग को दोषी ठहराया है, लेकिन अब मुख्य चुनाव आयुक्त पलट गए हैं और दोषी ठहराया है। 2022 के परिसीमन अभ्यास के बाद देरी के लिए केंद्र को आखिरकार, सुप्रीम कोर्ट को कदम उठाना पड़ा और केंद्र को चुनाव कराने के लिए सितंबर 2024 की समय सीमा देनी पड़ी। राज्य में चुनाव टालने के लिए भाजपा पर हमला करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा, भाजपा ने राज्य में चुनाव कराने के लिए इतना लंबा इंतजार क्यों किया? क्या वे लोगों के फैसले से डरते हैं? प्रधानमंत्री कब तक सत्ता से चिपके रहेंगे बताएं कि कहां की जनता ने उन्हें कभी अपना नेता नहीं चुना? जयराम रमेश ने आगे कहा कि 9 जनवरी को पंचायतों और ब्लॉक विकास परिषदों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद राज्य में चुनाव नहीं हुए हैं.

टिटलागढ़-सिंगापूर रोड सेक्शन में नॉन इंटरलोकिंग का कार्य, कुछ गाड़ियो का परिचालन रहेगा प्रभावित

रायपुर (विश्व परिवार)। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत टिटलागढ़-सिंगापूर रोड सेक्शन में लांजीगढ़ रोड-आम्बोदला-दहीखालु रेलवे स्टेशनों के बीच तीसरी रेलवे लाइन को जोड़ने का कार्य के लिए नॉन इंटरलोकिंग का कार्य किया जाएगा। यह कार्य दिनांक 15 से 24 अप्रैल, 2024 तक किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जानकारी इस प्रकार है-

रद्द होने वाली गाड़ी- दिनांक 15 से 24 अप्रैल, 2024 तक रायपुर से चलने वाली 08527 रायपुर-विशाखापटनम स्पेशल पैसेंजर रद्द रहेगी। दिनांक 15 से 24 अप्रैल, 2024 तक विशाखापटनम से चलने वाली 08528 विशाखापटनम-रायपुर- स्पेशल पैसेंजर रद्द रहेगी। दिनांक 15 से 24 अप्रैल, 2024 तक रायपुर से चलने वाली 08275 रायपुर-जुनागड़ रोड़ स्पेशल पैसेंजर रद्द रहेगी। दिनांक 16 से 25 अप्रैल, 2024 तक जुनागड़ रोड़ से चलने वाली 08276 जुनागड़ रोड़-रायपुर स्पेशल पैसेंजर रद्द रहेगी।

देर से चलाने वाली गाडियां- दिनांक 15 एवं 18 अप्रैल, 2024 को विशाखापटनम से चलने वाली 18573 विशाखापटनम-भगत की कोठी एक्सप्रेस 02 घंटे 30 मिनिट देरी से रवाना होगी। दिनांक 22 अप्रैल, 2024 को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12808 निज़ामुद्दीन-विशाखापटनम एक्सप्रेस 02 घंटे देरी से रवाना होगी।

चेन्नई तक कामधेनु माता सौम्या की चर्चा, मिलने पहुंचे प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के सदस्य एवं वेटिवर फाउंडेशन के डायरेक्टर

रायपुर (विश्व परिवार)। मनोहर गौशाला खैरागढ़ के कामधेनु गाय सौम्या की चर्चा चेन्नई तक है। इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि तमिलनाडु प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के सदस्य, इंडिया इंडो ?नेसिया फ्रेंडशिप एसोसिएशन के सचिव व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मित्र गुरुमूर्ति नटराजन, चेन्नई इंडिया वेटिवर फाउंडेशन के डायरेक्टर पीएन सुब्रमण्यम अपने मित्रों के साथ मनोहर गौशाला पहुंचे। वे अपने दोस्तों के साथ यहां पहुंचे थे और करीब दो घंटे यहां बिताया। कामधेनु माता के दर्शन कर उन्होंने मनोहर गौशाला के ट्रस्टी पदम डाकलिया (अखिल जैन) से इस संबंध में पूरी जानकारी ली। इसके अलावा पशु चिकित्सालय एवं गौशाला द्वारा बनाए गए जंगल का उनकी टीम ने अवलोकन किया। गुरुमूर्ति, सुब्रमण्यम ने मनोहर गौशाला को अद्भुत बताया। उन्होंने गौ मूत्र एवं गोबर से जैविक खाद बनाने की विधि के बारे में जानकारी भी ली। इसके अलावा गौशाला में चल रहे विभिन्न कार्यों की सराहना की। गौशाला में की गई व्यवस्था, साफ-सफाई एवं गौ वंश के रखरखाव की सराहना करते हुए अधिकारियों ने कहा कि ऐसा तो डेयरी वाले भी गौवंश को नहीं रख सकते। मनोहर गौशाला में गायों के लिए विशेष सुविधा है।

फसल अमृत की चर्चा के लिए बुलाया दिल्ली : ट्रस्टी पदम डाकलिया ने मनोहर गौशाला में होने वाले रिसर्च व यहां से तैयार किए गए उत्पाद के संबंध में टीम को जानकारी दी। फसल अमृत की विशेषता पर टीम ने उसकी सराहना की। चेन्नई इंडिया वेटिवर फाउंडेशन के डायरेक्टर पीएन सुब्रमण्यम ने डाकलिया को फसल अमृत के संबंध में चर्चा करने के लिए उनके दिल्ली ऑफिस आमंत्रित किया।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार
रायपुर, शनिवार 13 अप्रैल 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

ट्रैक्टर रैली के लिए कलेक्टर केएल चौहान गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से हुए सम्मानित

लोकसभा चुनाव 2024 : स्वीप रैली के तहत पहली बार 51 ट्रैक्टरों के साथ 25 किलोमीटर की निकाली गई ट्रैक्टर रैली

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में जिला प्रशासन बलौदाबाजार- भाटापारा को बड़ी उपलब्धि मिली है। जिसके तहत मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत दो दिन पूर्व आयोजित हुई 51 ट्रैक्टरो के साथ 25 किलोमीटर लंबी ट्रैक्टर रैली का आयोजन कर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया। जिसमें विशेष कर कलेक्टर के द्वारा स्वयं चलाया गया ट्रैक्टर की सराहना हुई है। उक्त कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन के सभी विभागों के द्वारा संपन्न किया गया था।

जिला प्रशासन द्वारा चैलेंज को स्वीकार करते हुए आज जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन बलौदाबाजार में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस आवार्ड के स्टेट प्रतिनिधी सोनल शर्मा ने अपने हाथो से कलेक्टर के एल चौहान को प्रोविजनल सर्टिफिकेट प्रदान किए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता, जनपद पंचायत सीईओ रोहित नायक, श्री मंडावी, तहसीलदार राजू पटेल, भी उपस्थित रहे। इसके साथ ही आज नगर भवन में महिला स्व सहायता समूह के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मेंहदी लगाकर शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किए। इस दौरान कलेक्टर के एल चौहान के द्वारा शत प्रतिशत मतदान हेतु संकल्प भी दिलाया गया। साथ ही इस मोके पर सुर संगम टीम द्वारा बहुत ही आकर्षण गीत के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिए। एल इस मौके पर जिला सांख्यिकी अधिकारी सुमीत मेरावी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग टिकवेन्द्र जाटवर, एनआईसी सत्यनारायण प्रधान, सहायक सूचना अधिकारी नितेश चक्रधारी, एलसहित सभी जनपद सीईओ, स्कूल शिक्षा विभाग, स्वामी आत्मानंद स्कूल के स्टॉफ एवं स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने दी बधाई

कलेक्टर के एल चौहान ने उक्त आयोजन को बेहद सफल बनाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा, वन, आदिवासी विकास विभाग सहित सभी अन्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दिए। उन्होंनें कहा कि आप सभी का मेहनत रंग लायी। आप सभी ने बहुत मेहनत कर इस उपलब्धि को हासिल किए। आगे भी भविष्य में इस तरह मेहनत कर समाज को एक सकारात्मक दिशा प्रदान करें।

डाक मतपत्र के माध्यम से सुविधा केन्द्र से पहले दिन 9 लोगों ने किया मतदान

जिले में तीन सुविधा केन्द्रों में डाक मतपत्र द्वारा अनिवार्य सेवाओं में तैनात कर्मियों हेतु की गयी मतदान सुविधा

कोण्डागांव (विश्व परिवार)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित किए हैं। इसके लिए शुक्रवार से डाक मतपत्र द्वारा मतदान कार्य प्रारंभ हुआ। जिसके लिए 03 स्थानों पर सुविधा केन्द्र स्थापित किये गये है। जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जामकोट पारा कोण्डागांव तथा कम्पोजिट बिल्डिंग कलेक्ट्रेट कोण्डागांव में सुविधा केन्द्र स्थापित किये गये है। इनमें शुक्रवार 12 अप्रैल को जिले के अनिवार्य सेवा में लगे 09 कर्मियों द्वारा डाक मतपत्र द्वारा मतदान किया गया, जिनमें 08 कोण्डागांव विधानसभा के मतदाता और एक नारायणपुर विधानसभा के मतदाता शामिल हैं।

इसके तहत बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु 12, 13 एवं 14 अप्रैल 2024 को सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जामकोट पारा कोण्डागांव तथा कम्पोजिट बिल्डींग कलेक्ट्रेट कोण्डागांव सुविधा केन्द्रों में कोण्डागांव विधानसभा 83 एवं नारायणपुर (आंशिक) विधानसभा 84 अंतर्गत तथा कम्पोजिट बिल्डिंग कलेक्ट्रेट कोण्डागांव में 16, 17 एवं 18 अप्रैल को कोण्डागांव विधानसभा 83 एवं नारायणपुर (आंशिक) विधानसभा 84 अंतर्गत मतदान किया जा सकता है।

कांकेर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु 15, 16 एवं 17 अप्रैल को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जामकोटपारा कोण्डागांव के सुविधा केन्द्रों में तथा कम्पोजिट बिल्डिंग कलेक्ट्रेट कोण्डागांव सुविधा केन्द्र में 20, 21, 22, 23, 24 एवं 25 अप्रैल को केशकाल विधानसभा 82 अंतर्गत मतदान किया जा सकता है। इन सभी सुविधा केन्द्रों में पुलिस, होमगार्ड एवं वन विभाग के सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, क्लीनर, एफएसटी, एसएसटी टीम एवं अन्य जिले में पदस्थ कर्मचारी तथा अनिवार्य सेवा मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

भारत निर्वाचन आयोग कार्यव्यव पर्यवेक्षक आस्तानंद पाठक के मुख्य आतिथ्य में प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों से अपील

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं कैट छत्तीसगढ़ चेप्टर के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश अध्यक्ष एवं कैट के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल एवं कैट सीजी चेप्टर के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष वासु माखीजा ने बताया कि आज शुक्रवार, दिनांक- 12 अप्रेल 2024 को 19 एवं 26 अप्रेल तथा 7 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव (चुनाव का पर्व- देश का गर्व) में व्यापारियों की भूमिका सुनिश्चित करने तथा 100 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने भारत निर्वाचन आयोग कार्यव्यव पर्यवेक्षक श्री आस्तानंद पाठक के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाधीश श्री गौरव कुमार सिंह जी, नगर निगम आयुक्त श्री अविनाश मिश्र एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप जी की उपस्थिति में कलेक्टर परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में निर्वाचन आयोग के सानिध्य में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चेंबर के पदाधिकारी, व्यापारिक संघों के प्रमुख एवं बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में चेंबर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्री विक्रम सिंहदेव जी ने कहा कि व्यापारी वर्ग का विकसित सभ्य समाज एवं आर्थिक योगदान के साथ-साथ स्वस्थ शासन की स्थापना में भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है। प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों की केवल एक ही मंशा है कि आने वाली सरकार व्यापारियों के हित में सोचे। व्यापारियों के हितों की रक्षा एवं उनके व्यापार के विकास के लिए भी नए शासकीय योजनाएं लाई जाए। वर्तमान योजनाओं के अंतर्गत छोटे व्यापारियों को शामिल किया जाए। प्रदेश की जीडीपी में योगदान देने वाले हम व्यापारियों की भी भावी सरकार के समितियों में स्थान मिले।

श्री सिंहदेव जी ने लोकतंत्र के इस महापर्व में 100 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को साधते हुए का मतदान करने और कराने की शपथ लेते हुए कहा कि प्रदेश के लगभग 2 करोड़ 12 लाख जनसंख्या में से हम 12 लाख व्यापारी हैं जो प्रदेश में 36 लाख मतदाताओं को चुनाव में मतदान करने हेतु प्रेरित कर सकते हैं।

जांजगीर चांपा एवं रायपुर लोकसभा सीट के लिए नामांकन आज से हुआ प्रारंभ

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के ससंदीय क्षेत्र क्रमांक- 03 जांजगीर चांपा अनुसूचित जाति वर्ग एवं 08 रायपुर सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित है। संसदीय क्षेत्र 03-जांजगीर चांपा अंतर्गत इस जिले के विधानसभा 43 बिलाईगढ़ (आंशिक) एवं 44 कसडोल पूर्णतः सम्मिलित है तथा रायपुर लोकसभा अंतर्गत विधानसभा 45-बलौदाबाजार, 46 भाटापारा पूर्णतः सम्मिलित है। अधिसूचना का प्रकाशन आज दिनांक 12 अप्रैल 2024 (शुक्रवार), नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि दिनांक 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार), नामांकन पत्रों की संवीक्षा दिनांक 20 अप्रैल 2024 (शनिवार), नाम वापसी की अंतिम तिथि दिनांक 22 अप्रैल 2024 (सोमवार), मतदान की तिथि दिनांक 07 मई 2024 (मंगलवार), मतगणना की तिथि दिनांक 04 जून 2024 (मंगलवार) है। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-03 जांजगीर चांपा हेतु नाम निर्देशन पत्र कार्यालय कलेक्ट्रेट न्यायालय जांजगीर में सार्वजनिक अवकाश की तिथियों को छोड़कर, अधिसूचना अनुसार निर्धारित तिथियों में प्रातः 11 बजे से 03 बजे के मध्य प्राप्त किये जायेंगे। इसी प्रकार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 08-रायपुर हेतु नाम निर्देशन पत्र कलेक्ट्रेट रायपुर में कलेक्टर न्यायालय में सार्वजनिक अवकाश की तिथियों को छोड़कर, अधिसूचना अनुसार निर्धारित तिथियों में प्रातः 11 बजे से 03 बजे के मध्य प्राप्त किये जायेंगे।

छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर

// बिजली बंद की सूचना //

समस्त सम्मानीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि धरसींवा वितरण केन्द्र में RDSS योजना के अंतर्गत बसबार निर्माण कार्य हेतु 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन में 11 के.व्ही. देवरी फीडर की लाईन में दिनांक 13.04.2024 को सुबह 11.00 से दोपहर 02.00 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, जिसके कारण उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडर एवं दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

क्र.	फिडर का नाम	दिनांक	प्रभावित क्षेत्र
1	11 के.व्ही. देवरी फीडर	13.04.2024 (दिन- शनिवार)	ग्राम-कपसदा, तिवरैया एवं कुकेरा के अंतर्गत आने वाले समस्त उपभोक्ता।

असुविधा के लिए खेद है।
"विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराऐं।"
"विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध हैं कृपया इससे बचे"
"स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाइए"
Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ
कार्यपालन यंत्री
(संचा./संधा.)संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि.,रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 27, दिनांक 12.04.2024
वार्ड का नाम- मां परमेश्वरी वार्ड
वार्ड क्र. 25 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **25** मांग **पंजी क्र. 182 युआईडी 24718** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **बिहारी ध्रुव / झाड़ूराम ध्रुव** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **विमला बाई / स्व. बिहारी ध्रुव** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **12-05-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 26, दिनांक 12.04.2024
वार्ड का नाम- शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड
वार्ड क्र. 26 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **26** मांग **पंजी क्र. 2 युआईडी 24958** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **झाड़ूराम साहू / रामप्यारे साहू** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **चमेली साहू / स्व. कृष्णा कुमार साहू** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **12-05-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 25, दिनांक 12.04.2024
वार्ड का नाम- सुन्दर लाल शर्मा वार्ड
वार्ड क्र. 20 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **20** मांग **पंजी क्र. 1022 युआईडी 36908** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **डी.एम. टावर / परेश कुमार मानिक** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **जगजीत सिंग / बावा सिंग** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **12-05-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 24, दिनांक 12.04.2024
वार्ड का नाम- मां बंजारी धाम वार्ड
वार्ड क्र. 10 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **10** मांग **पंजी क्र. 731 युआईडी 15022** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **ईश्वरी साहू / जगेश्वर** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **उपमा मानिकपुरी / उमेंद मानिकपुरी** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **12-05-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 28, दिनांक 12.04.2024
वार्ड का नाम- सुन्दर लाल शर्मा वार्ड
वार्ड क्र. 20 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **20** मांग **पंजी क्र. 1016 युआईडी 36821** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **डी.एम. टावर / परेश कुमार मानिक** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **मनीषा दास / अलोक दास** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **12-05-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 23, दिनांक 12.04.2024
वार्ड का नाम- जवाहर लाल नेहरू वार्ड
वार्ड क्र. 36 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **36** मांग **पंजी क्र. 581 युआईडी 33799** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **चन्द्रहास कश्यप / विश्राम सिंह कश्यप** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **रुमेश्वरी / चन्द्रहास कश्यप** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **12-05-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 20, दिनांक 12.04.2024
वार्ड का नाम- सुभाष चन्द्र बोस वार्ड
वार्ड क्र. 35 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **35** मांग **पंजी क्र. 67 युआईडी 28965** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **अवधेश झा / जयदेव झा** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **1. नूरजहां / मोहम्मद अली 2. मोहम्मद अली / अब्दुल रहीम** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **12-05-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /10653/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 12-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10653
वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802I00459** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MAMTA GUPTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHIV KUMAR GUPTA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **HARSHUDEEN PANDEY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **OM PRAKASH PANDEY** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी **बोरियाकला,** रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **एल.आई.जी. फ्लैट क्र. 06 ब्लॉक-01, प्रथम तल श्रीमती अनिता केडिया पति श्री मनोज केडिया,** के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्र. **10435** दिनांक **13.10.2009** के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आंबटित है। आबंटी द्वारा फ्लैट का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक **01.08.2013** को लीजडीड निष्पादित कराने के उपरांत पत्र क्रमांक **10427** दिनांक **31.10.2017** को आधिपत्य आदेश जारी किया गया है। मूल आंबटी **श्रीमती अनिता केडिया पति श्री मनोज केडिया**, उक्त फ्लैट को विक्रय अनुमति हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त फ्लैट को **क्रेता श्रीमती प्रियंका मित्तल पति श्री संदीप मित्तल,** निवासी- नियर जोसेफ स्कूल, अमलीडीह रायपुर तह व जिला-रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन/ फ्लैट के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांगर्तत कॉलोनी डुमरतराई फेस-1, जिला रायपुर में स्थित **एम.आई.जी. फ्लैट क्रमांक-04, ब्लॉक क्रमांक-01, प्रथम तल (जी+6) श्री जयंती लाल पटेल, पिता श्री रवजी भाई पटेल** को **स्ववित्तीय आधार** पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट की लीजडीड दिनांक **12/03/2013** पंजीकृत कराने के उपरांत फ्लैट की पूर्ण राशि जमा कर पत्र क्रमांक 369 दिनांक **04/12/2014** को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी **श्री जयंती लाल पटेल, पिता श्री रवजी भाई पटेल,** निवासी- बी 141, श्रीनगर रोड, आकाश गैस गोडाउन के पास, गुढ़ियारी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को **श्री योगेन्द्र कुमार सिन्हा, पिता श्री महेश कुमार सिन्हा,** निवासी- गांधी चौक, वार्ड क्र.-07, कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (**एन.ओ.सी.**) की मांग की गई है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत, शंकर नगर, रायपुर में स्थिल 36 एम.आई.जी. फ्लैटों में से फ्लैट **क्र.-जी-06, प्रथम तल, सेक्टर-01, श्रीमती माधुरी सिंह ठाकुर पति श्री योगेश सिंह ठाकुर** को इस कार्यालय के नामांतरण आदेश क्र.-**3533** दिनांक **13.10.2021** के माध्यम से नामांतरित किया गया है। उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक **06.05.1994** को सेलडीड पंजीकृत करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी **श्रीमती माधुरी सिंह ठाकुर पति श्री योगेश सिंह ठाकुर,** निवासी- हर्ष टावर के पास, देवनगर, डूण्डा रोड, देवपुरी, रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन को **क्रेता श्री दीपक कुमार साहू पिता श्री राधेश्याम साहू,** निवासी- म.नं.-39, साहू गली, सूरजपुर, जिला- सूरजपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email Id- eocghbzone1@gmail.com

आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **वीर सावरकर नगर हीरापुर कॉलोनी,** रायपुर में निर्मित **L.I.G.** भवन योजना के अंतर्गत, दुकानों/ भूखण्डों/ भवनों में से भूखण्ड/ भवन क्रमांक- **L.I.G.-1758 श्री अब्दुल शकील पिता मो. अब्दुल गनी** को भाड़ाक्रय/ पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **21/05/2009** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक **22/03/2024** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्रीमती निलम गुप्ता पति श्री विजय कुमार गुप्ता** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय मे लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./10230/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 12-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10230
वार्ड का नाम-53-बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446J01911** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VARDHMAN VILLAS PVT LTD DWARA DIRECTOR- SUMIT BARDIA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHANTI LAL BARDIA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PRITI DIXIT** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O MR. KAMALKANT DIXIT** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./10191/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 12-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10191
वार्ड का नाम-53-बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446M0145A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **REKHA DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HOMNATH DEWANGAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **मोहम्मद इजहार अंसारी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **मो. मुबारक अंसारी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./10611/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 12-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10611
वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **28** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR223N0113A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SURENDRA DATT GONIYAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **THAMARAM GONIYAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री सुनील गौनियाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता- स्व. श्री एफ.सी. गौनियाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./10609/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 12-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10609
वार्ड का नाम- 36- हवलदार अब्दूल हमीद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **36** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR436K0241B** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MOHAMMAD TANVEER GAZI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE ABDUL GAZI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **मोहम्मद नुरूद्दीन सिद्दीकी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता- मोहम्मद कमरूद्दीन सिद्दिकी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

www.vishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@yahoo.com

दैनिक
विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर शनिवार 13 अप्रैल 2024

प्रत्याशी के रूप में रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन देकर परखी तैयारी

सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा-कांग्रेस की सरकार में अग्निवीर के जवानों को रिटायरमेंट तक नौकरी

कोरबा(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के दिशा निर्देशन में अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग एवं एसडीएम श्रीकांत वर्मा ने आज लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आवश्यक तैयारियों के संबंध में निर्धारित नाम-निर्देशन हेतु निर्धारित कक्ष का अवलोकन किया। इस दौरान एसडीएम एवं रीडर अपर कलेक्टर ने रिटर्निंग अधिकारी को प्रत्याशी के रूप में आवेदन देकर और कार्य में लगे सहायक अधिकारियों-कर्मचारियों से सवाल कर निर्वाचन की तैयारियों को परखा। इस दौरान उन्होंने नाम-निर्देशन कक्ष में आवेदन जमा करने के दौरान प्रत्याशियों और रिटर्निंग अधिकारी के बीच सुविधाजनक दूरी निर्धारित करने, सहयोगी कर्मचारियों द्वारा निर्धारित रजिस्टर का संधारण करने तथा प्रस्तावकों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कोरबा लोकसभा निर्वाचन हेतु नाम-निर्देशन की प्रक्रिया 12 अप्रेल से प्रारंभ होगी। कलेक्ट्रेट में प्रत्याशियों के नामांकन के लिए कलेक्टर न्यायालय प्रथम तल के कक्ष को निर्धारित किया गया हैं। कलेक्टर ने नाम-निर्देशन कक्ष में रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा सहयोग हेतु अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों के बैठने की व्यवस्था एवं उनके कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने नामांकन के लिए आने वाले प्रत्याशियों और प्रस्तावकों को दी जाने वाली जानकारी तथा उनसे आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया को स्वयं जांच कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

मारवाड़ी युवा मंच कोरबा शाखा का चुनाव संपन्न

कोरबा(विश्व परिवार)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वर्ष 2024ण्25 हेतु मारवाड़ी युवा मंच कोरबा शाखा का चुनाव 07ण्04ण्2024 को होटल महाराजा में संपन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष रू विकास मित्तलए उपाध्यक्ष रू सनी मित्तलए सचिव रू दीपक अग्रवालए कोषाध्यक्ष रू प्रियंक अग्रवाल यचीनूद्ध नियुक्त किए गए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष प्रियम अग्रवाल द्वारा किया गया। उन्होंने नए अध्यक्ष को कार्यभार ग्रहण कराया। चुनाव उपरांत विजय हुए प्रत्याशियों को बधाई प्रेषित की गई। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी निर्देशक श्री नीरज अग्रवालए भूतपूर्व अध्यक्ष सतीश अग्रवालए सचिव अक्षय अग्रवाल कोषाध्यक्ष व मंच के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। मारवाड़ी युवा मंच कोरबा शाखा के सभी सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे जिनके द्वारा नई कार्यकारिणी के गठन पर नए पदाधिकारी को बधाई प्रेषित किया गया। नए अध्यक्ष विकास मित्तल ने अपने उद्बोधन में कहा गया कि जिस प्रकार मारवाड़ी युवा मंच कोरबा शाखा द्वारा निरंतर जनहित समाजसेवी कार्य किया जाता रहा है उसे हम लगातार करते रहेंगे और अपनी शाखा का नाम राष्ट्र व प्रदेश स्तर पर ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

संक्षिप्त समाचार

घर में चल रहा था जुआ सात जुआरी पकड़ाये

कोरिया(विश्व परिवार)। जिले की बैकुंठपुर पुलिस ने एक घर में ताशपत्ती से जुआ खेल रहे सात जुआरियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से ताशपत्ती,नगदी रकम तथा मोबाईल फोन जब्त किया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक कोरिया द्वारा जिले में संचालित अवैध कारोबार पर अंकुश लगाकर लगातार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके परिणाम स्वरुप मुखबिर सूचना पर थाना चरचा क्षेत्र अंतर्गत पोस्ट ऑफिस लाइन कॉलोनी चरचा के एक घर पर अवैध रूप से जुआरियों को जुआ खेलते हुए कोरिया पुलिस ने पकड़ा है। इसी कड़ी में 11 अप्रैल को थाना चरचा में मुखबीर से सूचना मिली कि पोस्ट ऑफिस लाईन कॉलोनी चरचा में एक घर के अंदर कुछ लोग बैठकर जुआ खेल रहें है। सूचना पर तत्काल एसडीओपी बैकुंठपुर के नेतृत्व में एक टीम तैयार कर मुखबीर के बताए स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही किया गया। जहां मौके पर 07 जुआरियों आशीष कुमार पिता तेजनारायण, राहुल कुमार पिता जगदीश प्रसाद मोदनवाल, उमेश कुमार पिता देवशरण, विनोद खटिक पिता स्व. पुत्तू लाल खटिक, अनुज कुमार जायसवाल पिता शंकर जायसवाल, फ्रिोज खान पिता कामदार खान एवं राजकुमार पिता मोहन सिंह द्वारा रूपये पैसा लगाकर हार-जीत का दांव जुआ खेला जा रहा था।

हसदेव में कूद रही युवती को पुलिस ने बचाया

कोरबा(विश्व परिवार)। दर्री पुलिस ने एक सूचना पर उस युवती को आखिरकार बचा लिया जो हसदेव नदी में कूद रही थी । महिला पुलिस भी इस दौरान रेस्क्यू कार्रवाई में शामिल रही । आज सुबह यह घटना दर्री के हसदेव नदी पुल पर हुई। एक व्यक्ति के द्वारा पुलिस को अवगत कराया गया कि आस-पास की युवती पुल के किनारे मंडरा रही है और उसके इरादे कुछ अच्छे नही। कुछ देर में पुलिस की टीम यहां पहुंची । तब देखा गया कि युवती पुल के रैलिंग से नीचे कुदने की तैयारी कर रही है। समझाईश देने के साथ पुलिस ने युवती को पकड़ा और नीचे कूदने से पहले बचा लिया। उसके परिजनों को इस बारे में जानकारी दी गई। प्रारंभिक जानकारी में पता चला कि सामान्य कारण से युवती खतरनाक कदम उठाने जा जा रही थी।

खड़ी ट्रेलर से टकराने से बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

कोरबा(विश्व परिवार)। जिले में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार पुनरू खड़े ट्रेलर से टकराने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गईए जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीसीटीवी में घटना का फुटेज सामने आया है। कटघोरा थाना क्षेत्र के मोहनपुर टोलनाका के यह घटना हुई। बताया जा रहा है कि सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से चार ट्रेलर खड़े हुए थे। इस बीच कटघोरा से जा रहे तेज रफ्तार बाइक चालक ट्रेलर में पीछे से जा टकराए। घटना इतनी जबरदस्त था कि स्थल पर ही एक युवक की मौत हो गईए जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर कटघोरा पुलिस स्थल पर पहुंची और सबसे पहले मृतक का शिनाख्त करने का प्रयास कियाए तब मृतक की पहचान रितेश कुमार 24 वर्ष निवासी दीपका के रूप में हुई। जो कार से घाटपारा प्रदीप कुमार के घर गया हुआ था। वहां से दोनों बाइक में सवार होकर जा रहे थेए तभी यह घटना हुई। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए प्रदीप कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए बिलासपुर रेफर कर दिया गया। यह पूरा घटना सीसीटीवी फुटेज सामने आया हैए जिसमें बाइक सवार युवक तेज गति से आते दिख रहे हैं और ट्रेलर के पिछले हिस्से से टकरा जाते हैं। बहरहाल पुलिस ट्रेलर चालक के विरूद्ध मामला कायम कर विवेचना कर रही है।

माजदा अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरी

कवर्धा(विश्व परिवार)। कवर्धा से सड़क हादसे की बड़ी खबर है। यहां मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ आ रही तेज रफ्तार माजदा अनियंत्रित होकर हनुमुतखोर के पास 20 फिट गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में माजदा के परखच्चे उड़े गए और इसमें सवार तीन लोगों को गंभीर चोटें आई है। इसमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है और बाकी दो को पंडरिया हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। ये पूरा मामला कुकदुर थानाक्षेत्र का बताया जा रहा है। पुलिस घायलों के इलाज के बाद पूछताछ की तैयारी कर रही है, जिससे हादसे की असल वजह सामने आएगी। वहीं अब तक घायलों का नाम सामने नहीं आया है। पुलिस ने घायलों के पास मौजूद मोबाइल से परिजनों को इसकी सूचना दे दी है।

5 दिन में 10 मौतः सांसद ने बढ़ते दुर्घटनाओं पर पुलिस व प्रशासन से किया सवाल, क्या कर रहे हैं उपाय...?

कोरबा(विश्व परिवार)। कोरबा जिले के बालको क्षेत्र में रूमगड़ा बालको मार्ग पर बुधवार देर रात भारी वाहन की टक्कर से तीन युवकों की असामयिक दर्दनाक मौत पर कोरबा लोकसभा की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने गहरा दुरूख व्यक्त किया है। सांसद ने जिले में बढ़ते सड़क हादसों के मामलों पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों से कड़े शब्दों में सवाल किया है कि आखिर वे कर क्या रहे हैं ? पिछले 5 दिनों के भीतर विभिन्न सड़कों पर 10 से अधिक मौतें हुई हैं जो यातायात व्यवस्था पर सवाल उठाने वाला है। सांसद ने कहा है कि इसी साल मार्च महीने में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक उन्होंने ली थी और बैठक में कलेक्टर श्री अजीत वसंत, जिला पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी, जिला परिवहन अधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए दुर्घटनाओं का कारण जानकर उसका विश्लेषण करते हुए उचित उपाय करने की बात कही थी लेकिन जिस तरह से जिले से गुजरे हुए नेशनल हाईवे से लेकर आम सड़कों पर हादसों की संख्या बढ़ रही है, वह जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और परिवहन विभाग की नाकाम कोशिशों को दर्शाता है। सांसद ने कहा कि भारी वाहनों की रफ्तार पर नियंत्रण के लिए उचित उपाय किया जाना जरूरी है,जिसके लिए प्रशासन गंभीरता दिखाए। हर दिन हादसे में किसी की मौत हो रही है तो कोई अपंग हो रहा है,जिंदगी और मौत से जूझ रहा है लेकिन प्रशासन सिर्फ हादसों के विश्लेषण में ही लगा हुआ है। आखिर वे किस तरह का उपाय कर रहे हैं जो कारगर साबित नहीं हो रहा और रफ्तार पर लगाम नहीं लग पा रही है। सांसद श्रीमती महंत ने कहा है कि दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए सार्वजनिक उपक्रम एसईसीएल, बाल्को, पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाईवे, एनएचएआई, एनएचपीडब्ल्यूडी, परिवहन, यातायात विभाग के अधिकारियों को भी अपनी भूमिका निभानी होगी लेकिन वे भी गंभीर नहीं हैं।

खनिज विभाग की मिलीभगत : खुलेआम चल रहा रेत का अवैध कारोबार

कोरबा(विश्व परिवार)। क्षेत्र में खनिज व राजस्व विभाग की मिलीभगत से नानपुलालीए लब्दाए सैला स्थित नदी से रेत माफिया द्वारा खुलेआम रेत का अवैध कारोबार कर रहे है। रेत माफिया इस गोरखधंधे को प्रशासन की नाक के नीचे अंजाम दे रहे हैं पर किसी भी अधिकारी के कानों में जूं तक नहीं रेंग रहा है। बिना किसी वैध दस्तावेज के नदी से रेत का अंधाधुंध खनन कर दर्जनों ट्रैक्टर भरकर महंगे दामों पर बेचा जा रहा है। कई स्थानों पर बिना अनुमति के बड़े पैमाने पर रेत भंडार कर अवैध रूप से बिक्री किए जा रहे हैं। रेत के इस कारोबार से जुड़े कई पुराने रेत माफियाओं के नाम भी सामने आ रहे हैं। बिना किसी वैध दस्तावेज के नदी क्षेत्र से लगी पंचायतों की अनुमति के बगैर नदी से रेत के अवैध उत्खनन का स्थानीय ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों ने लगातार विरोध करते हुए राजस्व व खनिज विभाग पर रेत माफियाओं से कमीशन लेने का आरोप लगाया है। उन्होंने अवैध उत्खनन पर रोक लगाने की मांग की हैं। बता दें कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग के अभी तक जांच केंद्र नही बना हैएयही वजह है कि पाली व पोड़ी मार्ग पर स्थित थाना व चौकी क्षेत्र में आने जाने वाले वाहनों की तलाशी नहीं ली जा रही है। इससे रोजाना दर्जनों की संख्या में ट्रैक्टर में बिना किसी वैध दस्तावेज के क्षमता से अधिक रेत भरकर पोड़ीण् पाली मार्ग से ले जाए जा रहे रेत वाहनों की तलाशी व कार्रवाई पर ध्यान नहीं है।

यातायात दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस का अभिनव अभियान

कोरबा पुलिस के द्वारा मार्ग मित्र समिति का किया गठन

कोरबा(विश्व परिवार)। श्रीमान पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर बढ़ते यातायात दुर्घटनाओं को देखते हुए जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना/चौकी द्वारा अभिनव अभियान चलाया जा रहा है।जिसके तहत ज़िले के हाईवे पर स्थित ब्लैक स्पॉट पर मार्ग मित्र समिति का गठन कराया गया है। ज्ञात हो कि ज़िले में पाली-कटघोरा- अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 में 10 दुर्घटनाजन्य सड़क खंड चिह्नांकित किए गये है जिसमें 07 ब्लैक स्पॉट समाहित है। उक्त दुर्घटनाजन्य क्षेत्र की कुल लंबाई 27.8 किमी है। जिसमें ज़्यादातर लोगों की मृत्यु हुई है।इस जगह को ध्यान में रखते हुए यहाँ आसपास की दुकान और निवास करने वालों को मार्ग मित्र बनाया गया है और उन्हें कुछ भी दुर्घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने और एम्बुलेंस को बुलाने के संबंध में बताया गया है। इस प्रकार कुल 13 समितियों का गठन किया गया है जिसमें कुल 54 लोगों को जोड़ा गया और उन्हें मार्ग मित्र बनाया गया। जगह जगह पर सजग कोरबा का पैम्फ्लेट भी चिपकाया गया है और लोगों को जागरूक किया गया है।सभी मार्ग मित्र से पुलिस के मोबाइल नंबर साझा किए गए। कोरबा पुलिस के द्वारा यातायात दुर्घटना में कमी लाने के लिए आगे भी इस तरह की कार्यवाही जारी रखी जाएगी।

नवरात्र पर मंदिरों में लग रही भक्तों की भीड़

कोरबा(विश्व परिवार)। शक्ति पूजा का महापर्व नवरात्र मंगलवार से शुरू हो गया है। सर्वमंगला सहित जिले भर के विभिन्न देवी मंदिरों में शुभ लग्न के साथ ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं। नवरात्र प्रारंभ होने के साथ मनोकामना ज्योति दर्शन के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शक्ति पूजा का महापर्व वर्ष में दो बार आता है। क्वांर की तुलना में चैत्र के वासंती नवरात्र पर्व की देवी मंदिरों में अपनी एक अलग अलौकिक छटा होती है। जिले में नवरात्र पर्व की तैयारी एक पखवाड़े से जारी थीए वह अब पूर्ण हो चुकी है। शहर के प्रसिद्ध मां सर्वमंगला मंदिर सहित तमाम देवी मंदिरों में हजारों की संख्या में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं। मंदिर प्रबंधन की ओर से दर्शनार्थी श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है। मंदिर परिसर में अलगण्अलग कक्षों में प्रज्ज्वलित होने वाले ज्योति कलश के दर्शन हेतु कलशों के रखरखाव व्यवस्थित किए गए है। मां सर्वमंगला मंदिर के प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया है। श्रद्धालुओं को दर्शन करने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए है। सर्वमंगला मंदिर के अलावा मां भवानी मंदिर में भी इस बार हजारों की संख्या में कांसे की कलश में दीप प्रज्ज्वलित किए गए हैं।

व्हॉलीबॉल खेल को बढ़ावा देने के साथ कोरबा में प्रदेश स्तरीय टूर्नामेंट का होगा प्रयास - नवीन पटेल

कोरबा(विश्व परिवार)। कोरबा जिला व्हॉलीबॉल संघ का चुनाव सोमवार 8 अप्रैल 2024 को विधिवत संपन्न हुआ। छ.ग. स्टेट व्हालीवॉल एसोसियेशन, रायपुर के पर्यवेक्षक रामसिंगार यादव, जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग दीनु प्रसाद पटेल एवं शिक्षा खेल अधिकारी आर.के. टंडन के मार्गदर्शन व उपस्थति में संपन्न हुए चुनाव में जिला व्हॉलीबॉल संघ के लिए नवीन पटेल निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुने गए। सचिव पद हेतु सुशील गर्ग का चयन हुआ है। निर्वाचन के पश्चात अध्यक्ष नवीन पटेल ने अपने जिला पदाधिकारियों व कार्यकारिणी की घोषणा की। अध्यक्ष नवीन पटेल ने इस संबंध में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि व्हॉलीबॉल खेल को कोरबा जिले में बेहतर स्थान दिलाने के लिए वे आज से ही संकल्पित हैं। अपने पदाधिकारी व कार्यकारिणी के साथ मिलकर इस दिशा में कार्य करेंगे व कोरबा जिला का नाम इस खेल में रोशन होगा। उन्होंने बताया कि तहसील स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन कर व्हॉलीबॉल के खिलाड़ी तलाशे जाएंगे। गांव-गांव में छुपी व्हॉलीबॉल खेल की प्रतिभाओं को तहसील स्तर पर व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कर निखारा जाएगा। तहसील स्तर पर चयनित खिलाडियों को मिलाकर एवं व्हॉलीबॉल के अन्य मंझे हुए खिलाडियों को लेकर जिले की टीम बनाई जाएगी। जिले की टीम तैयार होने के बाद जिला स्तर पर एवं कोरबा में प्रदेश स्तर की व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा। यह भी प्रयास होगा कि व्हॉलीबॉल खेल को स्कूलों में भी प्रचलित कराया जाए। तहसील स्तर के व्हॉलीबॉल खिलाडियों को खेल सामग्री के साथ अध्यापन के साथ-साथ प्रशिक्षण की सुविधा दिलाने का प्रयास कोरबा में कराया जाएगा व इसके लिए कोच भी रखे जाएंगे। अध्यक्ष नवीन पटेल की बातों व प्रस्तावों का उपस्थित समस्त कार्यकारिणी एवं खेल प्रेमियों ने समर्थन दिया। सचिव सुशील गर्ग ने बताया कि वि वॉलीवाल खिलाडियों को उच्च स्तर पर खेलने के लिये खेल सामग्री व कोच की व्यवस्था भी करेंगे।

मरवाही में कांग्रेस को मिली मजबूती, आदिवासी नेता गुलाब राज व समर्थक शामिल हुए

कोरबा(विश्व परिवार)। लोकसभा क्षेत्र के मरवाही में कांग्रेस को बड़ी सफ्लता और मजबूती मिली है। जोगी कांग्रेस के विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे गुलाब राज समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हुए। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता सम्मेलन में गुलाब राज व उनके समर्थकों को नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत और मरवाही के पूर्व विधायक ने कांग्रेस में विधिवत प्रवेश कराया। गुलाब राज मरवाही विधानसभा 2023 में जोगी कांग्रेस से प्रत्याशी थे और 39882 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे। गुलाब राज बड़े आदिवासी नेता के रूप में जाने जाते हैं और उनका अच्छा खासा जनाधार है। गुलाब राज और उनके समर्थकों के कांग्रेस में आ जाने से निश्चित ही मरवाही विधानसभा में कांग्रेस को मजबूती मिली है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा है कि गुलाब राज और उनके समर्थकों से हम और मजबूत हुए हैं तथा पूरी ताकत के साथ चुनाव में बेहतर प्रदर्शन कर प्रत्याशी को जीत दिलाएंगे। गुलाब राज ने कहा कि उनका एकमात्र उद्देश्य कांग्रेस को विजयश्री दिलाना है और इसके लिए आज से ही अपने समर्थकों के साथ जुट गए हैं।

दैनिक
विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर शनिवार 13 अप्रैल 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

संपादकीय

क्या राजस्थान में करवट बदलेगा ऊंट

भारत के खिलाफ भीतरी चाल रचने वालों की कुचक्र की बू

भारतीय खुफिया एजंसियों द्वारा पाकिस्तान समेत दुनिया के तमाम देशों में रहने वाले दुश्मन या भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचने वालों को भारतीय खुफिया एजेंसियों द्वारा खत्म किया जा रहा है। ब्रिटिश अखबार 'द गार्जियन' में यह खबर प्रकाशित हुई है जिससे पाकिस्तान में अचानक खलबली मच गई है। भारत सरकार ने इस आरोप को सिरे से खारिज करते हुए इसे झूठा और दुर्भावनापूर्ण भारत विरोधी प्रचार बताया। सवाल यह भी उठ रहा है कि पाकिस्तान संभवत- ये हत्याएं स्वयं करवा रहा हो।द गार्जियन दुनिया भर में बेहद सम्मानित 202 वर्ष पुराना अखबार है। सेंट्र-लेफ्ट विचारधारा वाला यह अखबार अपने स्कूप्स यानी सनसनीखेज खबरों के लिए भी जाना जाता है। अखबार ने 2019 में पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उठाए गए साहसिक कदम की भी बात की है। इसने 2020 से अब तक भारत के खिलाफ साजिश रचने वाले बीस आतंकवादियों की हत्या अज्ञात हमलावरों द्वारा होने की भी चर्चा की है।पाकिस्तानी मीडिया इस रिपोर्ट के हवाले से कह रहा है कि मोदी सरकार ने इन हत्याओं के आदेश दिए और यह भी कि रॉ कुख्यात एजेंसी है। पाकिस्तान को सबसे खतरनाक देश कहने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अभी बीते दिनों अचानक उसका समर्थन करते रहने का बयान देकर चौंका दिया था। उधर, चीन का भी पाकिस्तानी के प्रति सकारात्मक रुख स्पष्ट है। ऐसे में जब देश में आम चुनाव चालू है, पाकिस्तान जैसे देश के प्रति अपना झुकाव दर्शाने वाले देश या बयान दीर्घकालिक कूटनीतिक संकेत दे रहे हैं।अपने देश की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहना और आतंक फैलाने के मंसूबों को ध्वस्त करना विश्व शांति के लिए बेहद आवश्यक है।खासकर ऐसे समय में जब दुनिया भर को आतंकवाद को प्रश्रय देने के मामले में पाक की करतूतें किसी से छिपी नहीं हैं। विभिन्न अवसरों पर विश्व मंच से बार-बार इस बात को दोहराया गया है, और पाकिस्तान को चेतावनी भी दी जाती रही है। विश्व पटल पर तेजी से मजबूत होती जा रहे भारत के प्रति वैमनस्य रखने वाली मानसिकता की अनदेखी नहीं जानी चाहिए। भारत सरकार को इस पर सिर्फ विरोध ही नहीं करना चाहिए, बल्कि सख्त जवाब की दरकार भी करनी चाहिए ताकि किसी भी दुष्प्रचार का पर्दाफाश कर अपना पक्ष स्पष्ट किया जा सके।

विजय विद्रोही

राजस्थान के इस लोकसभा चुनाव में तीन बातें साफ-साफ दिखाई देती हैं। एक, यह एक लहर विहीन चुनाव है, हालांकि माहौलबंदी जरूर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में है। दूसरी बात, सन् 1980 से लेकर 2019 तक राज्य में हुए ग्यारह लोकसभा चुनावों में बिना लहर वाले चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीटें करीब आधी-आधी बंटती रही हैं। तीसरी, बिना लहर के चुनाव में जिस दल के पक्ष में ज्यादा माहौलबंदी होती है, वह करीब 70-80 फीसदी सीटें निकाल लेता है। मगर दूसरे दल के हिस्से में भी 20 से 30 फीसदी सीटें आ ही जाती हैं। राज्य में सन् 1991 और 1996 के आम चुनाव बिना किसी लहर के थे। 1991 में राज्य की 25 सीटों में कांग्रेस को 13 और भाजपा को 12 सीटें मिली थीं। 1996 में दोनों दलों को 12-12 सीटें मिलीं। एक सीट निर्दलीय के खाते में गई। मगर साल 1999 में कारगिल युद्ध में भाजपा के पक्ष में माहौल बना, तो उसने 16 सीटें निकाल लीं। कांग्रेस को नौ सीटों से ही संतोष करना पड़ा। इसी तरह, 2009 में तत्कालीन मनमोहन सरकार के आर्थिक मोर्चे पर अच्छे दिन से बने माहौल का फायदा उठाते हुए कांग्रेस ने 20 सीटें जीत लीं, तो बीजेपी को पांच मिली इस बार भी बिना लहर का ऐसा चुनाव है, जिसमें भाजपा का पलड़ा भारी है, लेकिन साल 2014 और 2019 की तरह कांग्रेस का सूपड़ा साफ होने की संभावना या आशंका (अपनी-अपनी नजर में) कम नजर आती है। जाहिर है, इस बार के आम चुनाव दिलचस्प हो गए हैं। साल 2014 के बाद पहली बार भाजपा नेता भी मान रहे हैं कि चार-पांच सीटों पर उन्हें टक्कर मिल रही है। एक दशक बाद भाजपा ने राज्य में अपने आधे उम्मीदवार बदले हैं। पहली बार उसने कांग्रेस से आए दो-दो नेताओं को टिकट दिया है। साल 2023 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने छह लोकसभा सांसदों को विधानसभा चुनावों में उतारा था। तीन जीते-तीन हारे। इससे यह साफजाहिर हुआ था कि

सांसदों के खिलाफसत्ता-विरोधी रुझान है, लिहाजा 25 में से 11 नए चेहरे उतारे गए हैं। बाहर से लाए गए नेताओं और थोक में भर-भरकर शहर और जिला स्तरीय नेताओं को पार्टी में शामिल करने से कुछ जगह पुराने कार्यकर्ताओं में रोष भी देखने को मिल रहा है। 2014 के बाद से पहली बार हुआ है कि भाजपा के एक सांसद राहुल कस्वां कांग्रेस के टिकट पर चूरू से चुनाव लड़ रहे हैं, तो बड़े गुर्जर नेता प्रह्लाद गुंजल कांग्रेस के टिकट पर कोटा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को टक्कर दे रहे हैं। दो बार की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे इस बार अपने बेटे दुष्यंत सिंह की झालावाड़ सीट तक सिमट गई हैं। जहां तक कांग्रेस पार्टी की बात है, तो 2014 के बाद पहली बार इसने तीन सीटों पर गठबंधन किया है। नागौर की सीट आरएलपी के हनुमान बेनिवाल के लिए और सीकर की सीट सीपीएम के अमरा राम के लिए छोड़ी गई है। इस बार पार्टी के बड़े नेताओं ने चुनाव लड़ने में आनाकानी दिखाई। अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच की सियासी अदावत में ऐसा पहली बार हुआ है कि टिकट वितरण में पायलट की अधिक चली और कम से कम पांच सीटों पर वह अपने नेताओं को टिकट दिलवाने में कामयाब रहे हैं। इधर, प्रधानमंत्री मोदी अपनी रैलियों में कांग्रेस के घोषणापत्र से लेकर अन्य मुद्दों पर जो भी बोलते हैं, दूसरे नेता उसे दोहरा भर रहे हैं। जहां तक राज्य के मुद्दों की बात है, तो भाजपा पूर्वी राजस्थान में चंबल और यमुना के पानी को पहुंचाने की योजना को आधार बना रही है। राम मंदिर को भी भुनाने की कोशिश हो रही है। उधर कांग्रेस ने चुनाव कमेटी जरूर बनाई है और उसका घोषणापत्र भी सामने आ चुका है, लेकिन मतदाताओं तक घोषणापत्र की खास-खास बातों को सरल-सहज भाषा में पहुंचाने के गंभीर प्रयास दिख नहीं रहे। कांग्रेस को राहुल गांधी का इंतजार है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस पूरे चुनाव को सीट-दर-सीट के हिसाब से लड़ रही है। सचिन पायलट की मांग ज्यादा है और वह मोदी सरकार के दस सालों का हिसाब सामने रखकर वोट मांग रहे हैं। सबसे रोचक मुकाबला शेखावाटी और बाड़मेर में है। बाड़मेर जैसलमेर की सीट क्षेत्रफल के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी लोकसभा कहलाती है। यहां 26 साल के युवा रविंद्र सिंह भाटी निर्दलीय लड़ रहे हैं और कांग्रेस की जीत का आधार बन सकते हैं। उधर, शेखावाटी की तीनों सीटों चूरू, झुंझुनूं और सीकर में इस बार भारी उलटफेर हो सकता है। चूरू में बीजेपी ने दो बार के सांसद राहुल कस्वां का टिकट काटा, जिनके पिता भी यहां से चार बार भाजपा के टिकट पर चुनाव जीत चुके थे। अब कस्वां कांग्रेस से लड़ रहे हैं। बगल की झुंझुनूं सीट से कद्दावर जाट नेता शीशराम ओला के बेटे बृजेंद्र ओला कांग्रेस की कमान संभाले हैं और मुकाबले में भाजपा के शुभकरण चौधरी हैं, जो यहां की उदयपुरवाटी सीट से विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। सीकर की सीट सीपीएम को दी गई है। इन तीन लोकसभा सीटों के तहत विधानसभा की 24 सीटें आती हैं, जिनमें से कांग्रेस ने 16 जीती थीं, तो बीजेपी इसकी आधी सीटें ही जीत पाई थी। बहरहाल, पिछले लोकसभा चुनावों में भाजपा ने 16 सीटें दो लाख से ज्यादा अंतर से जीती थीं। इनमें से चार सीटें तो चार लाख के ज्यादा अंतर से जीती गई थीं। इसीलिए भाजपा कुछ आश्वस्त दिख रही है। उसे लगता है, कांग्रेस भले ही कुछ सीटों पर टक्कर दे रही हो, पर हार का अंतर पाटना आसान नहीं होगा। सांसदों के खिलाफ एंटी इंकम्बेंसी उनके टिकट काटकर काफी हद तक दूर की जा चुकी है। इस बार पार्टी के बड़े नेताओं ने चुनाव लड़ने में आनाकानी दिखाई। अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच की सियासी अदावत में ऐसा पहली बार हुआ है कि टिकट वितरण में पायलट की अधिक चली और कम से कम पांच सीटों पर वह अपने नेताओं को टिकट दिलवाने में कामयाब रहे हैं। इधर, प्रधानमंत्री मोदी अपनी रैलियों में कांग्रेस के घोषणापत्र से लेकर अन्य मुद्दों पर जो भी बोलते हैं, दूसरे नेता उसे दोहरा भर रहे हैं। जहां तक राज्य के मुद्दों की बात है, तो भाजपा पूर्वी राजस्थान में चंबल और यमुना के पानी को पहुंचाने की योजना को आधार बना रही है। राम मंदिर को भी भुनाने की कोशिश हो रही है। उधर कांग्रेस ने चुनाव कमेटी जरूर बनाई है और उसका घोषणापत्र भी सामने आ चुका है, लेकिन मतदाताओं तक घोषणापत्र की खास-खास बातों को सरल-सहज भाषा में पहुंचाने के गंभीर प्रयास दिख नहीं रहे। कांग्रेस को राहुल गांधी का इंतजार है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस पूरे चुनाव को सीट-दर-सीट के हिसाब से लड़ रही है।

विचार

जल संरक्षण की आवश्यकता जरुरी

भारत डोगरा

जहां एक ओर दूर-दूराज के गांवों में नल से जल मिलने की प्रसन्नता है, वहीं यह जरूरत भी बढ़ गई है कि नलों और पाइपों के लिए पानी मिलता रहे। इसके लिए जल संरक्षण को मजबूत करना चाहिए।देश के परंपरागत जल संरक्षण उपायों से भी बहुत कुछ सीखा जा सकता है। बुंदेलखंड जैसे कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहां जल प्रबंधन और उपलब्धि के परंपरागत और नये तौर-तरीकों में बहुत अंतर है। जहां पहले तालाबों में जल-संग्रहण और इसके माध्यम से आसपास के जल स्तर को ऊंचा रखते हुए कुछ चुने हुए स्थानों पर कुएं बनवाने को महत्त्व दिया जाता था, वहीं इन दिनों तालाबों की उपेक्षा कर काफी मनचाहे ढंग से जगह-जगह नलकूप और हैंडपंप लगाए गए हैं। बड़ी संख्या में नलकूप विफल रहे हैं, हैंडपंप भी कुछ समय बाद जवाब दे गए। कुछ समय के लिए नई सुविधाएं मिलने पर परंपरागत तौर-तरीकों की उपेक्षा होने लगती है, जो बाद में मंहगी पड़ती है क्योंकि नया लाभ स्थायी सिद्ध नहीं होता। इस तरह क्षेत्र की विशेषताओं को ध्यान में न रख कर खर्च किया गया बहुत सा पैसा अपेक्षित लाभ नहीं दे पाता और कई स्थानों पर तो स्थिति पहले से भी ज्यादा खराब हो जाती है। बुंदेलखंड में कुछ स्थानों पर ट्यूबवेलों के आने के बाद पहले से बने कुएं सूखने लगे। जहां भूजल उपलब्धि की स्थिति ट्यूबवेलों के अनुकूल न हो, वहां जबरदस्ती इसी नीति को अपनाने से संतोषजनक और स्थायी समाधान मिल ही नहीं सकता। नल या हैंडपंप, नलकूप या पाइपलाइन, ये सब कई गांवों में ज्यादा नजर आ रहे हैं पर जिस भूजल से, तालाब या झरने से इन्हें पानी मिलना है, यदि उनमें ही पानी कम होने लगे तो भला इन निर्माण कार्यों से क्या समस्या हल होगी। पिछले लगभग दस-पंद्रह वर्षों में हमारे देश में भूजल स्तर में बहुत तेजी से गिरावट आई है। पहाड़ी क्षेत्रों से कितने ही झरनों के सूखने या पतले पड़ने के समाचार हैं। बहुत बड़ी संख्या में तालाब मैदान जैसे बन गए हैं, उन पर अतिक्रमण हो चुका है या ये बुरी तरह जीर्ण-शीर्ण स्थिति में पड़े हैं। जल की कमी के संकट को जल प्रदूषण ने और भी विकट कर दिया है। छोटी-छोटी नदियां भी इतनी प्रदूषित हो गई हैं कि कई गावों की जल उपलब्धि पर प्रतिकूल असर पड़ा है। जहां कृषि रसायनों का अत्यधिक उपयोग हो रहा है, वहीं भूजल पर इनका हानिकारक असर दिखने भी लगा है।

जल के संकट से बेपरवाही

कई क्षेत्रों में जल के संकट की परवाह न करते हुए ऐसे उद्योग लगाए जा रहे हैं जो जल का अत्यधिक उपयोग करेंगे तथा जल प्रदूषण में वृद्धि करेंगे। कुछ ऐसे क्षेत्र भी हैं जहां जल संकट को नजरंदाज करते हुए जल का अत्यधिक उपयोग करने वाली ऐसी नई फसलों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिनका लाभ कुछ पहले से समृद्ध लोगों तक सीमित रहेगा पर जिनके दुष्परिणाम और नीचे गिरने वाले भूजल के रूप में जनसाधारण को भुगतने पड़ेंगे। शहरी क्षेत्रों में पांच-सितारा होटल, लॉन, गोल्फ-कोर्स आदि अत्यधिक जल उपयोग वाली सुविधाओं के जुटाने में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं जबकि अनेक बस्तियों में जल अभाव से हाहाकार है। अन्य प्राकृतिक संसाधनों की तरह जल का बंटवारा भी विषमता से ग्रस्त है, और यह विषमता जल संकट की स्थिति में असहनीय हो जाती है। एक ओर लोग पीने के पानी को तरसते रहें तथा दूसरी ओर पानी का अपव्यय होता रहे, यह वर्तमान की दृष्टि से तो अन्यायपूर्ण है ही, भविष्य में समस्या का स्थायी हल खोजने में भी रुकावट बनता है। इस विषमता के कारण जल वितरण और उपयोग का ऐसा नियोजन नहीं हो सकता जो सबकी प्यास बुझाने में समर्थ हो। सार्थक जल नियोजन के लिए जरूरी है कि निहित स्वाथरे के दबाव की परवाह न करते हुए सर्वाधिक प्राथमिकता इस बात को दी जाए कि हर व्यक्ति, हर झोंपड़ी, हर गांव की प्यास बुझाई जा सके। पानी के अन्य उपयोग-चाहे किसी नई फसल के लिए हों या किसी उद्योग के लिए-तभी सोचे-विचारे जाएं जब पहले इस बुनियादी जरूरत को संतोषजनक ढंग से पूरा कर लिया जाए। इस प्राथमिकता पर कायम रहने के साथ ही यह भी जरूरी है कि पीने के पानी की आपूर्ति के कार्य को केवल हैंडपंप लगाने या कुएं खोदने तक सीमित न रखकर उन सभी महत्त्वपूर्ण गतिविधियों और क्षेत्रों को ध्यान में रखा जाए जिनका असर पानी की उपलब्धि पर पड़ता है। किसी ग्रामीण क्षेत्र में पीने के पानी की योजना बनाई जा रही हो और वह इस ओर से अनभिज्ञ रहे कि ऊपर पहाड़ी पर जो जंगल काटा जाने वाला है।

नेताजी आपकी पॉलिटिक्स क्या है...

हरजिंदर

अगर पूछा जाए कि भाजपा की विचारधारा क्या है, तो सीधा जवाब होगा- हिंदुत्व! मगर राजनेताओं का जो काफिला स्वागत के लिए विशेष तौर पर तैयार किए गए तोरणद्वार से होता हुआ भाजपा में प्रवेश कर रहा है, उनमें से कितने वास्तव में इस विचारधारा के अनुयायी हैं? कई तो उन पार्टियों से आए हैं, जो भाजपा की 'संकीर्ण' विचारधारा की आलोचना करते नहीं थकती हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने पिछले दिनों एक टीवी चैनल से यह बात कई बार कही कि हमारी पार्टी के दरवाजे सबके लिए खुले हैं। यानी, आप आएंगे, तो प्रवेश देने से पहले आपकी सोच, आपके विचार, आपके इतिहास, आपकी पृष्ठभूमि किसी की जांच नहीं होगी। बेशक, बात सिर्फइतनी भर ही नहीं होती कि ऐसे दरवाजे अक्सर उन्हीं लोगों के लिए खुलते हैं, जो चुनाव में या फिर पूरी राजनीति में पार्टी को कोई फायदा पहुंचाने की हैसियत रखते हैं। वैसे यहां भारतीय जनता पार्टी का जिक्र आज के राजनीतिक ट्रैफिक रुझान को देखते हुए प्रसंगवश ही किया गया है। ऐसे रुझान समय के हिसाब से बदलते रहे हैं। देश की कम्युनिस्ट पार्टियों को छोड़ दें, तो दलबदल करने वाले नेताओं के लिए तकरीबन सभी पार्टियों के दरवाजे जरूरत के हिसाब से खुलते रहे हैं। वैसे बात दरवाजे खुलने की नहीं है, क्योंकि अक्सर ये दरवाजे बंद नहीं होते। चुनाव करीब हो, तो आने-जाने वालों का सिलसिला बढ़ जाता है, इसलिए सुर्खियों में ज्यादा रहता है। हमारे बीच कई नेता तो ऐसे हैं, जो अपने क्षेत्र के तकरीबन सभी दलों की 'विचारधारा' का स्वाद चख चुके हैं।पिछले दिनों एक अंग्रेजी पत्रिका ने अपने मुखपृष्ठ पर सभी विचारधाराओं के ताबूत बना दिए, जिसका अर्थ हुआ कि विचारधाराएं अब मर चुकी हैं। इसके साथ ही डेनियल बेल की उस मशहूर किताब का जिक्र भी किया गया, जिसका शीर्षक था, द एंड ऑफआइडियोलॉजी, यानी विचारधारा का अंत। 1960 के आसपास छपी इस किताब में दूसरे विश्व युद्ध के बाद की दुनिया का जिक्र करते हुए कहा गया है कि अब संसार को आगे बढ़ने के लिए राजनीतिक विचारधारा की जरूरत नहीं है। लेखक मान रहे थे कि तकनीक और तमाम अन्य विकास के बाद विचारधारा वाली जिद प्रासंगिक नहीं रह गई। कुछ हद तक वह सार-सार को गहि रहे, थोथा देई उड़ाय वाली बात कहते थे। अपने बारे में उन्होंने कहा था कि मैं आर्थिक विचारों के हिसाब से समाजवादी हूं, राजनीति के लिए उदारपंथी और संस्कृति के मामले में कट्टरपंथी। विचारधारा की जरूरत है या नहीं, इस पर बाद में लंबी बहसें चलीं। विचारधाराओं के युग में हमने क्या पाया और क्या खोया, इस पर भी चर्चाएं हुईं। ऐसी सोच भी सामने आई, जो विचारधारा को बहुत सी समस्याओं की जड़ मानती थी। भारत में एक विमर्श चला, जिसमें कहा गया कि 'विचारधारा विष है'। इसका यह मतलब भी नहीं कि हॉर्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डेनियल बेल जिस दुनिया में बैठकर यह अवधारणा दे रहे थे, वहां विचारधाराओं का पूरी तरह से सफाया हो गया। अमेरिका में आज भी डेमोक्रेटिक पार्टी और रिपब्लिकन पार्टी, दो पृथक विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। इसी तरह, ब्रिटेन में लेबर पार्टी, कंजर्वेटिव पार्टी और लिबरल डेमोक्रेट हैं। भले ही वे उस अर्थ में विचारधारा को दिल से लगाकर रखने वाली कट्टरपंथी पार्टियां नहीं हैं, जिस अर्थ में एक दौर के यूरोप में हुआ करती थीं। अक्सर यह भी कहा जाता है कि विचारधारा का अंत हुआ है, वैचारिकता का नहीं। इन पार्टियों के पास वैसे यूटोपिया नहीं हैं, जैसे विचारधारा वाले युग में हुआ करते थे। मगर उनके पास बहुत सारे अपने लक्ष्य हैं, बहुत सारे समान लक्ष्य भी हैं। समान लक्ष्यों को कैसे हासिल करना है, इसको लेकर उनकी सोच अलग-अलग है। संसाधनों का इस्तेमाल कैसे किया जाए, इसको लेकर भी मतभेद है। जब तक ये मतभेद रहेंगे, उनकी वैचारिकता भी अलग-अलग ही रहेगी। विचारधाराओं ने हमें दो और चीजें भी दी थीं- दुनिया को आदर्श बनाने के सपने और समर्पण। आदर्श को लेकर समझ और सपने तो समय के हिसाब से बदलते रहते हैं। सब जगह बदल भी गए, पर समर्पण पूरी तरह से विदा हो गया, ऐसा नहीं कहा जा सकता। कम से कम पश्चिमी लोकतंत्रों में विचारों और वैचारिकता के प्रति समर्पण आज भी कमोबेश देखा जा सकता है। ठीक यहीं पर भारत का लोकतंत्र थोड़ा, या शायद बहुत ज्यादा अलग हो जाता है। पश्चिम के देशों में आप नहीं पाएंगे कि डेमोक्रेट प्रतिनिधि ने इस्तीफा दिया और रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हो गया। इस समय अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति पद की रेस में आने को लेकर रिपब्लिकन पार्टी के पुराने लोगों में काफी नाराजगी की खबरें हैं, लेकिन ये नाराज लोग जुलूस बनाकर डेमोक्रेटिक पार्टी में शामिल हो जाएंगे, ऐसी कोई आशंका नहीं है। जब हम पश्चिम में विचारधाराओं के अंत की बात करते हैं, तो वहां उसका अर्थ होता है, एक लीक पर चलने वाली पुरातन जिद्दी कट्टरता का अंत या नए युग के राजनीतिक प्रबंधन के आगे कुछ पुरानी धाराओं का अप्रासंगिक हो जाना। मगर भारत में इसका कारण राजनीति का फूहड़ अवसरवाद है। यहां विचारधाराएं तो बाद में खत्म हुईं, राजनीतिक मर्यादा, नैतिकता और प्रतिबद्धता को पहले श्रद्धांजलि दी गई। यह हमारे यहां सब जगह हो रहा है। प्रतिबद्धता जब राजपाट खोती जा रही है, तो सिंहासन काले धन और बाहुबल के हवाले होता जा रहा है। हालांकि, राजनीति में नैतिकता और प्रतिबद्धता के नाम पर समय-समय पर जिन लोगों ने सत्ता हासिल की, उनका हश्र भी हम देख ही चुके हैं। शुरू में हमने देखा था कि अपवाद सिर्फ कम्युनिस्ट पार्टियां हैं। राजनीति के तमाम झंझावातों के बीच आज भी वे अपनी विचारधारा से चिपकी हैं, पर जिस तरह से उनकी ताकत और उनका भूगोल लगातार सिमटता जा रहा है, वह विचारधारा को लेकर कोई उम्मीद नहीं बंधाता।

तमिल राजनीति और एक वीरान टापू....

एस श्रीनिवासन

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के एक प्रमुख अखबार ने अपने 31 मार्च के संस्करण में बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा सन् 1974 में कच्चातिवु नामक द्वीप श्रीलंका को सौंपने का मसला लोकसभा चुनावों में तमिलनाडु में बड़ा मुद्दा बन सकता है। तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई से मिले दस्तावेज के आधार पर तैयार रिपोर्ट कहती है कि भारत ने श्रीलंका की हठधर्मिता को स्वीकार कर लिया और वर्षों तक दावा जताने के बाद कच्चातिवु श्रीलंका के हवाले कर दिया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफसे दो ट्वीट किए गए। पहले में कांग्रेस पर हमला बोला गया और कहा गया, नए तथ्यों से पता चलता है कि कांग्रेस ने कितनी बेरहमी से कच्चातिवु श्रीलंका को दे दिया। ट्वीट में आगे लिखा गया है, कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह भारत की एकता और अखंडता को कमजोर करती रही है। दूसरे ट्वीट में द्रमुक सरकार को घेरा गया और कहा गया कि इसने द्रमुक के दोहरे मानदंडों को बेपरदा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री एम करुणानिधि को भारत सरकार के इस फैसले की पूरी जानकारी थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी कहा कि तमिलनाडु के लोगों को तत्कालीन दोनों सरकारों ने गुमराह किया। उन्होंने पत्रकारों को यह मामला समझाने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। जाहिर है, राष्ट्रीय समाचारों में यह मुद्दा जल्द ही सुर्खियों में आ गया। हालांकि, तमिलनाडु के समाचार चैनलों ने इस खबर को संतुलित बनाने के लिए राज्य के कांग्रेस व द्रमुक नेताओं की प्रतिक्रियाएं भी दिखाईं। भाजपा नेता इस बात को लेकर भी मुखर थे कि कैसे तमिलनाडु के गरीब मछुआरों के हितों से समझौता किया गया। जाहिर है, इस मुद्दे को हवा देने का मूल कारण तमिलनाडु के मतदाताओं, खासकर तटीय इलाकों में रहने वाले

मछुआरों को अपनी ओर आकर्षित करना है। कच्चातिवु अतीत में तमिलनाडु में एक भावनात्मक मुद्दा रहा है। रामेश्वरम के मछुआरों ने द्वीप के पास मछली पकड़ने संबंधी अधिकार और अपने जाल सुखाने व नावों की मरम्मत की सुविधा की मांग की थी। यह मुद्दा 1980 और 1990 के दशक में सूबाई राजनीति में अक्सर उठता रहा, जिसमें द्रमुक और अन्नाद्रमुक एक-दूसरे पर मछुआरों के अधिकारों को खत्म करने का आरोप लगाते रहे। पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता ने केंद्र को पत्र लिखकर कहा भी था कि इस द्वीप को श्रीलंका से वापस ले लिया जाना चाहिए। मगर बीते एक दशक से अधिक वक्त से यह कोई मुद्दा नहीं रहा था, क्योंकि मछुआरों के पास अब बेहतर संचार सुविधा और उन्नत नावें आ गई हैं। वे अब कच्चातिवु के आसपास नहीं जाते, जहां उनके मछली पकड़ने पर प्रतिबंध है। इसके बजाय वे अब गहरे पानी में चले जाते हैं, यहां तक कि श्रीलंकाई तटों के करीब भी पहुंच जाते हैं और वहां के सुरक्षा बलों की नाराजगी मोल लेते हैं। दुर्भाग्यवश, मछुआरों की गिरफ्तारी, भारतीय नौकाओं की जब्ती और भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी की नौबत आ जाती है, जिनसे दोनों पड़ोसी देशों में तनाव भी पैदा होता रहा है। अजीब बात है, तमिलनाडु में मछुआरों का मुद्दा और श्रीलंकाई तमिलों के कत्लेआम भावनात्मक मुद्दे रहे हैं, लेकिन इनका कभी भी राज्य या राष्ट्रीय चुनावों पर कोई असर नहीं पड़ा। फिर भी, यह मुद्दा अनवरत राजनीतिक विमर्श में बना रहा है। वास्तव में, जो दल सिर्फ श्रीलंकाई मसले या मछुआरों के मुद्दों पर अपना जोर लगाते हैं, वे लोगों में अपनी जगह बनाने में विफल ही साबित हुए हैं। यही कारण है कि तमिलनाडु का एक बड़ा तबका हैरान है कि भाजपा ने आखिर इस मुद्दे को अभी क्यों उठाया, क्योंकि इसका मकसद कांग्रेस और उसके क्षेत्रीय सहयोगी द्रमुक को घेरने के अलावा दूसरा कारण नहीं दिखता। भाजपा यही बताने का प्रयास कर रही है कि विपक्षी गठबंधन किस तरह से देश के राष्ट्रीय हितों से समझौता कर चुका है। भाजपा की नजर कन्याकुमारी, थूथुकुडी, नागरकोइल व रामनाथपुरम जैसे तटीय क्षेत्रों की लोकसभा सीटों पर है, जहां उसे लगता है, मछुआरों का मुद्दा प्रभावी साबित होगा। अगर इस मामले पर नजर डालें, तो करीब 1.9 वर्ग किलोमीटर का यह द्वीप भारत और सीलोन के बीच ब्रिटिश कब्जे से मुक्त होने से बहुत पहले विवादित था। चूंकि ब्रिटिश हुकूमत इस मसले का हल नहीं निकाल सकी, इसलिए उसने दोनों पक्षों के मछुआरों को द्वीप पर जाने की अनुमति दे दी। इसीलिए, कच्चातिवु कभी भी भारत का हिस्सा नहीं था। आजादी के बाद जब यह मुद्दा फिर से उठा, तो 1974 में लंबी चर्चा के बाद भारत और श्रीलंका के बीच अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा खींच दी गई और भारत ने इस द्वीप पर अपना दावा छोड़ दिया। इसमें दोनों पक्षों द्वारा वहां मछली पकड़ने का समझौता हुआ। साल 1976 में दोनों देशों के बीच विशेष आर्थिक क्षेत्र बना, जिसकी वजह से भारत ने मछली पकड़ने का अपना अधिकार वापस ले लिया। वास्तव में, भारत ने कन्याकुमारी की ओर से 'वाड्ज बैंक' के लिए सौदेबाजी की। चूंकि श्रीलंका को कच्चातिवु मिल गया, इसलिए उसने इस पर कोई दावा नहीं किया। नतीजतन, भारत को समुद्र में अपेक्षाकृत बड़ा हिस्सा मिला, जो विविधता के मामले में समृद्ध है और यहां मछली भी खूब है। कुछ पर्यवेक्षक तो इसके लिए इंदिरा गांधी की सराहना करते हैं, क्योंकि यह इलाका तेल व खनिज संसाधनों से भी समृद्ध है। चूंकि कच्चातिवु द्रमुक और अन्नाद्रमुक, दोनों के लिए विवादास्पद है, इसलिए वे दोनों दल एक-दूसरे पर आरोप उछालकर और केंद्र को भी घेरे में लेकर तटीय इलाकों के मतदाताओं को लुभाना चाहते हैं। अभी यही सब हो रहा है।'वाड्ज बैंक' कोई द्वीप नहीं है, बल्कि इको सिस्टम के लिए एक सामान्य शब्द है। दुनिया में ऐसे 20 वाड्ज बैंक हैं। भारत सरकार ने हाल ही में यहां तेल की खोज की प्रक्रिया शुरू करने का प्रयास किया था, लेकिन मछुआरों के विरोध के कारण इसे स्थगित कर दिया गया, क्योंकि उनको डर है कि इससे यहां के पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंच सकता है। बेशक, इस पूरे मसले में कोई कांग्रेस पर शक कर सकता है या इंदिरा गांधी को विवादों में घसीट सकता है, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि वह इंदिरा गांधी ही थीं, जिन्होंने बांग्लादेश को आजाद कराया ।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/धर्म समाज/देश
रायपुर, शनिवार 13 अप्रैल 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

संक्षिप्त समाचार

मुनि श्री अक्षय सागर, मुनि श्री विमल सागर, मुनि श्री निरंजन सागर का संघ सहित कुण्डलपुर में हुआ शुभागमन

कुण्डलपुर (विश्व परिवार)। सुप्रसिद्ध जैन तीर्थ कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य मुनि श्री अक्षयसागर जी महाराज, मुनि श्री विमल सागर जी महाराज, मुनिश्री अनंत सागर जी महाराज, मुनिश्री अरहसागर जी महाराज, मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज, मुनि श्री संथान सागर जी महाराज, ऐलक श्री उपशमसागर जी महाराज पटेरा दमोह की ओर से एवं मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज कुम्हारी की ओर से भव्य मंगल प्रवेश किया। मीडिया समिति के राजेश जैन रागी तथा जयकुमार जलज ने बताया कि इस अवसर पर बड़ी संख्या में जन समूह के बीच मुनि संघ की भव्य अगवानी की गई ।अगवानी में बड़ी संख्या में क्षुल्लक जी, ब्रह्मचारी भैया, दीदी जी, कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी पदाधिकारी सदस्य, महोत्सव समिति पदाधिकारी, प्रभारी, सदस्य, कुंडलपुर जैन समाज की उपस्थिति रही । मुनि संघ भव्य मंच पर विराजमान सभी निर्यापक संघ, मुनि संघ आर्यिका संघ के बीच वात्सल्य मंगल मिलन हुआ । मुनि संघ क्षुल्लक संघ ने सभी निर्यापक संघ की त्रय परिक्रमा लगाई और वंदना की। अगवानी में शामिल सभी दिव्य घोष की मंगल ध्वनि से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था । **-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

महाराष्ट्र मंडल और एसडीवी स्टाफ ने ली शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ

रायपुर (विश्व परिवार)। लोकसभा चुनाव 2024 में शत- प्रतिशत मतदान करने और इसके लिए दूसरों को प्रेरित करने की महाराष्ट्र मंडल के स्टाफ ने शपथ ली। निर्वाचन आयोग की ओर से चलाए जा रहे अभियान और महिला व बाल विकास विभाग के निर्देश पर शुक्रवार को महाराष्ट्र मंडल, दिव्यांग बालिका विकास गृह, मेस प्रकल्प और संत ज्ञानेश्वर स्कूल (एसडीवी) के समस्त स्टाफ ने उत्साह के साथ भाग लिया। एसडीवी के प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि शत-प्रतिशत मतदान को लेकर सुबह 10:30 बजे सभी शिक्षकों और बच्चों के अभिभावकों को प्रोत्साहित किया गया। उन्हें किसी भी चुनाव में एक-एक मत का महत्व भी समझाया गया। महाराष्ट्र मंडल की लेखा प्रबंधक बीएन नायडू के अनुसार महाराष्ट्र मंडल परिसर में सभी कर्मचारियों ने शत- प्रतिशत निष्पक्ष मतदान करने की शपथ ली। वहीं सभी ने इस बात का संकल्प लिया कि वे अपने आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। इस मौके पर कार्यकारिणी सदस्य दीपक किरवईवाले, महाराष्ट्र नाट्य मंडल के सचिव प्रसन्न निमोणकर और निर्देशक अनिल श्रीराम कालेले विशेष रूप से उपस्थित रहे।

आनलाईन संपत्तिकर का भुगतान कर छूट का लाभ उठाएं

भिलाई (आरएनएस)। निगम भिलाई ने अपने क्षेत्र के करदाताओ को सुविधा प्रदान करते हुए आनलाईन भुगतान हेतु हिन्दी एवं अंग्रेजी में वेबसाईट लॉच किया गया है, जिसका अच्छा प्रतिसाद रहा और लोगो ने घर बैठे संपत्तिकर सहित अन्य करो का भुगतान कर आनलाईन रसीद प्राप्त भी कर रहे है।

1024 अर्घ्य की पूर्णाहुति के साथ सिद्धचक्र महामंडल विधान का हुआ समापन

विश्व शांति की भावना से आत्म कल्याण के लिए किये गये धार्मिक अनुष्ठान जीवन में निश्चित ही फलीभूत होंगे : आर्यिका प्रशम मति माताजी

तालबेहट/ललितपुर (विश्व परिवार)। बुंदेलखंड के प्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र पावागिरि की पावन धरा पर सोलह कारण महापर्व में नववर्ष आगमन एवं मुनि समय सागर के आचार्य पदारोहण कार्यक्रम के उपलक्ष्य में वात्सल्य मूर्ति मुनि सुव्रत सागर महाराज के आशीर्वाद से पं. महेंद्र कुमार जैन के निर्देशन में शुक्रवार को सिद्ध चक्र महामंडल विधान, हवन एवं विश्व शांति महायज्ञ का शुभारम्भ देव आज्ञा एवं आचार्य निमंत्रण के बाद मंगल घटयात्रा से किया गया। तत्पश्चात मंडप शुद्धि, श्रीजी विराजमान, सकलीकरण का आयोजन किया गया। जिसमें सरोज सुभाष जैन, सुधा सुरेश जैन महायज्ञनायक, सपना सौरभ जैन सौधर्म इन्द्र, समता सुरेन्द्र जैन कुबेर इन्द्र, सोनाली विकास जैन श्रीपाल-मैंना सुंदरी, साधना प्रमोद, उर्मिला सुधीर, समता जितिन यज्ञनायक, अंजू नरेंद्र ईशान इन्द्र, पुष्पा अरविन्द सानतकुमार इंद्र, आशा संतोष माहेंद्र इन्द्र, रजनी प्रमोद ब्रह्म इन्द्र, सुनीता सुकमाल लांतव इन्द्र, नीलम जयकुमार शुक्र इन्द्र, अरुणा

विमानोत्सव कार्यक्रम में निकली श्रीजी की भव्य शोभायात्रा

राजकुमार शतार इन्द्र, अंगूरी रमेश आणत इन्द्र, चंदा आनंद जैन प्राणत इन्द्र, कल्पना रविंद्र आणत इन्द्र, सुषमा विजय अच्युत इन्द्र, सीमा जिनेन्द्र प्रत्येन्द्र, कीर्ति प्रबल बाहुबली, स्वप्निल जैन भरत, हर्षिल जैन बालेन्द्र एवं श्रावक श्रेष्ठी अंगूरीबाई, प्रभा राजेंद्र जैन, उषा सुमेर चंद्र, गुलाब बाई राजकुमार, चंदा पवन जैन, अंजना सुशील मोदी, राजुल प्रदीप जैन, नीतू विकास जैन, उत्तमचंद्र, विजय कुमार, संदीप कुमार, अक्षत जैन पवा की इन्द्र प्रतिष्ठा की गयी। ध्वजारोहण शशि सुरेशचंद्र एवं मीना सतीशचंद्र ने किया। शनिवार को त्रिकाल चौबीसी के मूलनायक मुनिसुव्रत नाथ स्वामी एवं रविवार को अतिशय युक्त चमत्कारी बाबा मूलनायक पारसनाथ स्वामी का महामस्तिकाभिषेक किया। बुधवार को आचार्य ज्ञेय सागर महाराज की परम प्रभावक शिष्या आर्यिका प्रशम मति एवं आर्यिका उपशम मति माताजी का बबीना से विहार कर पावागिरि जी में मंगल प्रवेश हुआ। तो भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हाइवे राजमार्ग साइन बोर्ड पहुंचकर भव्य आगुवानी की, क्षेत्र वंदना कर आर्यिका संघ ने विधान में सानिध्य प्रदान किया। नित्यमय, अभिषेक शांतिधारा के उपरांत विधान का आयोजन किया गया, जिसमें अहमेन्द्र जैन एन्ड पार्टी गंजवासौदा के मधुर संगीत में भक्ति पूर्वक द्विगुण - द्विगुण विधान में शुक्रवार को 1024 अर्घ्य की पूर्णाहुति के साथ सिद्ध चक्र महामंडल विधान का समापन हुआ। इस मौके पर आर्यिका उपशम शम मति माता जी ने कहा कि सिद्ध भूमि पर सिद्ध चक्र महामंडल विधान और ऐसे अवसर पर नियम संयम लेकर व्रतों को धारण करना अनंत पुण्य बंध होता है। उन्होंने श्रीपाल मैना सुंदरी का वृत्तांत सुनाते हुए कहा कि सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन असीम पुण्य बंध का कारण है, विशुद्धि पूर्वक सिद्धों की आराधना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। आर्यिका प्रशम मति माता जी ने कहा कि विश्व शांति की भावना से आत्म कल्याण के लिए किये गये धार्मिक अनुष्ठान जीवन में निश्चित ही फलीभूत होंगे। व्यक्ति जीवन जो कमाता है उतना कभी नहीं भोग सकता और बच्चों के लिये छोड़कर चला जाता है, लेकिन जो साथ में जाता है उस पर किसी का ध्यान नहीं है, अच्छे कर्म और पुण्य ही इंसान के साथ जाता है, वह कितना कमाया और उसका कितना संचय किया ये महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा जो पाप करने से रोके वह पुण्य और जो पुण्य करने से रोके वह पाप कर्म है। मंगलाचरण बा. ब्र. दीपा दीदी, गीतू दीदी, रानू दीदी एवं भाषा, सोनाली, नेहा, मोना आदि ने किया। विश्व शांति महायज्ञ एवं हवन के बाद दोपहर की बेला में विमानोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकली, जिसमें श्री जी को विमान में लेकर श्रद्धालु, धर्म ध्वजा लेकर श्रावक श्रेष्ठी, मंगल गीत गाती हुई महिलाएं, सत्य-अहिंसा के नारे व जयकारे लगाते हुए पुरुष एवं नृत्य करते हुए युवा चल रहे थे। क्षेत्र परिक्रमा कर विमान वापस मंदिर जी पहुंचा जहाँ कलशाभिषेक एवं फूलमाल का आयोजन किया गया। क्षेत्र प्रबंध समिति ने विधान पुण्यार्जक परिवार एवं प्रमुख पात्रों का सम्मान किया। रात्रि में मंगल आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। संचालन इंजी के.के. जैन एवं अहमेन्द्र कुमार जैन ने संयुक्त रूप से किया। अंत में क्षेत्र अध्यक्ष ज्ञानचंद्र पुरा एवं अहिंसा सेवा संगठन के संस्थापक विशाल जैन पवा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम मे सकल दिगम्बर जैन समाज का सक्रीय सहयोग रहा। **-विशाल जैन**

जिनशासन में प्रदर्शन का महत्व नहीं जिनशासन में दर्शन और अंतरदर्शन का महत्व है : मुनिश्री समता सागर जी महाराज

कुण्डलपुर (विश्व परिवार)। दमोह जिले का सुप्रसिद्ध जैन तीर्थ कुंडलपुर में निर्यापक श्रमण मुनि श्री समता सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा यह बात सच है कि मैं अपने जेष्ठ श्रेष्ठ के प्रवचन सुनने के लिए यहां उपस्थित कल भी हुआ था आज भी हुआ। लेकिन पूज्यवर का आदेश टालने की कोशिश भी की लेकिन टाल नहीं पाया।गुरुवर आचार्य श्री ने मूकमाटी में लिखा है बड़ों के आदेश को टालना नहीं पड़ता बल्कि पालना पड़ता है।पूत के लक्षण पालने में दिखाई देते हैं। हम जिस उद्देश्य से सभी यहां उपस्थित हैं हमारे निर्यापक श्रमण के लक्षण बचपन से उस तरह दिखाई दे रहे हैं, जो आज 55 की उम्र में भी हम सबको एहसास हो रहा है। मैंने एक जगह पढ़ा था अगर कहीं कोई ऊंचा पहाड़ पर्वत हो तो यह निश्चित मानकर चलिए आसपास गहरी नदी जरूर होगी।क्योंकि गहराई को पाये बगैर कभी कोई ऊंचाई को प्राप्त नहीं कर सकता। कुंडलपुर के बड़े बाबा ऊंचाई पर विराजमान है आद्य शासन नायक हैं उनका सर्वोदयी शासन जो चल रहा है ऊंचाई से चल रहा है। लेकिन उस ऊंचाई का परिचय वर्धमान सागर की गहराई से भी हमें मिल रहा है।आद्य तीर्थंकर भगवंत और उनका जिन शासन गणधरों और आचार्यों की परंपरा से यहां तक आया है। आचार्यों जिन शासनोन्नतिकरा आचार्य वह होते हैं जिन शासन की उन्नति को करते हैं जिन शासन के विस्तार को करते हैं। आचार्य प्रवर को जो विरासत मिली थी अपने गुरुवर ज्ञान सागर महाराज से आचार्य श्री ने उस विरासत का विस्तार किया और अपने कठिन परिश्रम से कठोर साधना से अपनी निस्पृहता से निराभिमानता से उन्होंने जो विरासत में खोज मिली थी उसे समुद्र सागर बनाकर दिखा दिया है।आज हम सबके बीच में हमारे गुरुवर नहीं है।देह का परिवर्तन हुआ पर्याय का परिवर्तन हुआ। प्रकृति का नियम है हम और आप उसे चाहे उसे टाल नहीं सकते।लेकिन उन्होंने जो संघ की संयोजना की है संघ का संवर्धन किया है वह विरासत उस रूप में बल्कि उससे ज्यादा विस्तार पाकर यावतचंद्र दिवाकर बढ़ती रहेगी।जैन शासन का रथ कभी रुकता नहीं है एक सारथी कहीं बदलता है तो दूसरा सारथी उस रथ को आगे बढ़ाता है। हम सब का सहयोग अपने योग्यतम सारथी के लिए है।पूर्ण निष्ठा पूरी ईमानदारी से पूरे संघ का है। हम सबके सर्वोच्च सारथी निर्यापक श्रमण मुनि श्री समय सागर जी हैं। सारी समाज सारा देश इस भावना से ओतप्रोत है।गहराई को पाये बगैर कोई भी ऊंचाई दिखाऊ तो हो सकती है लेकिन टिकाऊ नहीं हो सकती।हमारे गुरुवर ने यह सिखाया है कि हमें कोई भी कार्य दिखाऊ नहीं करना है टिकाऊ करना है।बड़े-बड़े झाड़ गगनचुंबी जिनालय भव्यतम मंदिर जितने जितने ऊंचे दिखाई देते इतने उन्हें मजबूत बनाने के लिए नींव की गहराई की जाती है जब बड़े बाबा का मंदिर बन रहा था बनने का प्लान चल रहा था आचार्य श्री ने सभी को यही निर्देश दिया था ऊंचाई के अनुपात से अंदर पहाड़ी में नींव के रूप में गहराई में बहुत ज्यादा मजबूती तैयार करना चाहिए और आज बड़े बाबा का भव्यतम मंदिर आज सबको दिखाई दे रहा है। सारांश यह है कि जिन शासन में दिखाने का महत्व नहीं है जिन शासन में प्रदर्शन का महत्व नहीं है। जिन शासन में दर्शन और अंतरदर्शन का महत्व है। पूत के लक्षण पालने में दिखाई देते हैंमूक माटी में गुरुवर ने दो अर्थ निकाले लौकिक एक छोटा सा बच्चा जाता है पालने में पड़ा रहता है तो पालने में उसकी एक्टिविटी गतिविधि देखकर यह अंदाज लगा लिया जाता है कि बच्चा किस स्वभाव का है पूत के लक्षण पालने में दिखाई देते यह भविष्य में क्या करेगा। राजेश जैन रागी/रत्नेश जैन बकस्वाहा से प्राप्त जानकारी।

-अभिषेक जैन लुहाड़िया

साइबर सिक्योरिटी की मदद से रोगियों के डेटा को सुरक्षित रखें

एम्स में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव मधुकर कुमार भगत का दौरा

रोगियों और परिजनों से की मुलाकात, फीडबैक और रोगियों के सुझाव को महत्वपूर्ण बताया

रायपुर (विश्व परिवार)। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में साइबर सिक्योरिटी के माध्यम से रोगियों के डेटा को पूरी तरह सुरक्षित करने का सुझाव दिया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव मधुकर कुमार भगत ने शुक्रवार को एम्स का दौरा कर यहां स्वच्छता और साइबर सिक्योरिटी के विषय में चिकित्सकों और अधिकारियों से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने रोगियों और उनके परिजनों के फीडबैक और सुझाव को श्रेष्ठ सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण बताया।

कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि एम्स मध्य भारत में अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रोगियों की सेवा में निरंतर संलग्न है। उन्होंने कहा कि एम्स की ओपीडी में औसतन तीन हजार रोगी प्रतिदिन पहुंच रहे हैं और 1500 से अधिक ऑपरेशन प्रतिमाह हो रहे हैं। इसके साथ ही शोध और अनुसंधान के माध्यम से भी क्षेत्र की बीमारियों के हल ढूंढने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी दिशा में आईआईटी भिलाई के साथ एआई संबंधी प्रोजेक्ट पर कार्य किया जा रहा है।

श्री भगत ने एम्स के विभिन्न स्थानों का दौरा किया जिसमें रजिस्ट्रेशन काउंटर्स, ब्लड कलेक्शन सेंटर, ट्रामा एवं इमरजेंसी, सीसीयू, आईसीयू, दंत रोग और हड्डी रोग विभाग शामिल हैं। उन्होंने रोगियों और उनके परिजनों से एम्स में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में भी फीडबैक लिया। श्री भगत ने एम्स में अनुशासन और सफाई की प्रशंसा करते हुए सभी को रोगी सेवा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

एम्स में साइबर सिक्योरिटी पर आयोजित संवाद में उन्होंने रोगियों के डेटा और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए साइबर सिक्योरिटी के सभी प्रावधानों को लागू करने पर बल दिया। उन्होंने समय-समय पर इसकी समीक्षा करने के लिए भी कहा।

श्री भगत ने एम्स में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया। एम्स में इसके अंतर्गत वॉकाथान, नुक्कड़ नाटक और पोस्टर प्रदर्शनी लगाई जा रही है। इसके माध्यम से व्यक्तिगत स्वच्छता और कूड़े का सही निस्तारण करने के लिए रोगियों और उनके परिजनों को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर उप-निदेशक (प्रशासन) कुनाल शर्मा, प्रो. सरिता अग्रवाल, प्रो. एली मोहपात्रा, डॉ. कृष्णदत्त चावली, डॉ. दिबाकर साहू, डॉ. मृत्युजंय राठौर भी उपस्थित थे।

एडवोकेट कमिश्नर ने आई.डी.बी.आई. बैंक के केस में की संपत्ति की कुर्की, डीआरटी के आदेश पर हुई कार्रवाई

रायपुर (विश्व परिवार)। वसूली अधिकरण जबलपुर के रिकवरी ऑफिसर सुश्री प्रिती देशाई के आदेश पर नियुक्त एडवोकेट कमिश्नर महेश कुमार पाण्डेय द्वारा आई. डी. बी. आई. बैंक, सिविल लाईन शाखा के एनपीए खाता मेसर्स रौनक हेचरिज एवं अन्य (प्रो. रमनदिप सिंह साहनी) जमानतदार दलजीत सिंह साहनी के स्वामित्व की खसरा क्रमांक 628/2 कृषि भूमि, रकबा 0.405 हेक्टेयर, ग्राम-भिंमभौरी, पहन. -15, तहसील - तिल्दा, जिला - रायपुर एवं खसरा क्रमांक 46/4 (0.202 हेक्टेयर) एवं 47/3 (0.142 हेक्टेयर) कुल परिवर्तित भूमि 37027 वर्गफुट, ग्राम - भिंमभौरी, तहसील- तिल्दा, जिला - रायपुर (छ.ग.) स्थित बंधक अचल सम्पत्ति को दिनांक 10.04.2024 को कुर्क किया गया। कुर्की प्रक्रिया के दौरान अचल सम्पत्ति पर कुर्की वारंट चस्पा कर मुनादी करायी गई। कुर्की प्रक्रिया के दौरान स्थल पर आई. डी.बी.आई. बैंक के उप महा प्रबन्धक श्री सुभ्रांशु शेखर शाहु, पटवारी राजेन्द्र मारकाण्डे एवं तिल्दा पुलिस बल उपस्थित रहे।

एडवोकेट कमिश्नर महेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर में यह केस लगभग दो करोड़ एक लाख रुपए की वसूली हेतु रिकवरी सर्टिफिकेट निष्पादन के लिए यह कार्यवाही की गई। शीघ्र ही न्यायाधिकरण द्वारा संपत्ति की नीलामी कर बैंक की बकाया राशि की वसूली की जाएगी। महेश कुमार पाण्डेय ने आगे बताया कि यह कार्यवाही डीआरटी जबलपुर के रिकवरी ऑफिसर के आदेश पर की गई है और जानबूझकर बैंक का पैसा न देने वाले डिफॉल्टर एवं जमानतदार पर डीआरटी के आदेश पर उनकी चल-अचल सम्पत्तियों की कुर्की और बिक्री सहित उनकी गिरफ्तारी और सिविल जेल की कार्यवाही की जाती है। जो डिफॉल्टर सक्षम होते हुये भी बैंक का पैसा नहीं लौटाते उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाती है। यह भी बताया गया कि जानबूझकर पैसा न चुकाने वाले डिफाल्टर और उनके जमानतदारों के खिलाफ ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा अब लगातार ऐसे ही कार्यवाही की जा रही है। यदि इस स्थिति से डिफॉल्टर बचना चाहते हैं तो बैंक से लिया गया ऋण समयानुसार जमा कराएँ। कुर्की की निष्पादन प्रक्रिया में आई.डी. बी. आई. बैंक के उप महा प्रबंधक श्री सुभ्रांशु शेखर साहु, सहायक महाप्रबन्धक श्री दिलीप कुमार केशरी, प्रबन्धक श्रीमती ऋचा अग्रवाल, तहसीलदार श्रीमति ज्योति माशयारे, पटवारी राजेन्द्र मारकाण्डे का विशेष सहयोग रहा।

जलियांवाला बाग हत्याकांड की 125वीं बरसी आज, शहीद उधमसिंह की प्रतिमा लगाने की मांग

रायपुर (विश्व परिवार)। कल 13 अप्रैल 2024 को जालियांवाला बाग हत्याकाण्ड की 125 वीं बरसी है। तिरंगा वंदन मंच के संयोजक मुकेश शाह ने इस नृशंस हत्याकाण्ड में शहीद हुए लोगों के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किया है। उन्होंने बताया कि इस हत्याकाण्ड के चश्मदीद 20 वर्षीय एक बालक उधम सिंह ने ब्रिटिश सरकार की इस कायराना और जघन्य हत्याकाण्ड का बदला लेने का फैसला कर लिया था और 21 साल बाद उन्होंने इस गोलीकाण्ड का आदेश देने वाले तत्कालीन गवर्नर जनरल माइकल डायर को 13 मार्च 1940 को लंदन में एक कार्यक्रम में गोली मारी थी। इसके बाद पूरे भारत में क्रांति की लहर ने और ज्यादा बड़ा रूप ले लिया और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई और तेज हो गई। 31 जुलाई 1940 को शहीद उधम सिंह को लंदन के पेंटनविले जेल में फांसी दे दी गई। आजादी के बाद भारतवासियों की मांग पर आज तक ब्रिटिश सरकार ने आधिकारिक तौर पर इस नृशंस हत्याकाण्ड के लिए माफी नहीं मांगी है।

सृष्टि इम्पीरिया में 20 फीट के मनोरम झरने से वेलकम, बेस्ट लोकेशन पर फ्लैट्स, प्लाट्स व बंगलोस उपलब्ध

खूबसूरत डिजाइन ने बनाया प्रापर्टी बायर्स का पसंदीदा

रायपुर (विश्व परिवार)। आधुनिक लाइफस्टाइल में आज सुकून की तलाश रखते हैं प्रापर्टी बायर्स और जब बात आवास की हो तब तो वे हर पहलू पर नजर रखते हैं। बेस्ट लोकेशन के साथ सभी सुविधाएं, आर्किटेक्चर व इंटीरियर डिजाइन, हरियाली, खुलापन के साथ व्यवस्थित बसाहट और यह सब कुछ है सृष्टि ग्रुप के खम्हारडीह-शंकरनगर इलाके के बेस्ट लोकेशन पर 15 एकड़ में स्थित सृष्टि इम्पीरिया में, यहां फ्लैट्स के अलावा प्लाट्स व बंगलोस उपलब्ध हैं। कालोनी में प्रवेश करते ही 20 फीट का मनोरम झरना वेलकम करता है और खूबसूरती इतनी कि बहते पानी के झरने को देखकर लोग ठहर जाते हैं और अपने आप को सेल्फी लेने से रोक नहीं पाते हैं।

सृष्टि ग्रुप के छठवें प्रोजेक्ट सृष्टि इम्पीरिया के बारे में जानकारी देते हुए डायरेक्टर नवनीत अग्रवाल ने बताया कि हमने मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली पानी रोड सीवरेज लाइन गार्डन को काफी पहले ही पूरा कर लिया था। कालोनी के बीचो बीच रोड गौरव पथ की तरह दोनों तरफ से सजाया गया है। यहां पर फ्लैट का निर्माण काफी तीव्र गति से हो रहा है। फ्लैट का फ्रंट एलिवेशन लोगों को आकर्षित कर रहा है। आर्किटेक्चर व इंटीरियर डिजाइन काफी खूबसूरत ढंग से किया गया है। फ्लैट की बुकिंग जारी है। चार परिवारों ने तो सृष्टि इम्पीरिया में रहना भी प्रारंभ कर दिया है। लगभग 50 मकान निर्माणाधीन हैं, तय समय पर हम उन्हे पजेशन दे देंगे इसलिए उम्मीद है कि साल के अंत तक करीब 40-45 और परिवार यहां शिप्ट हो जायेंगे।

सृष्टि इम्पीरिया में वह सारी सुविधाएं उपलब्ध है जो कि एक मेट्रो सिटी के आवासीय प्रोजेक्ट में चाहिए। इसकी पूरी बनावट व बसाहट फ्यूचर को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। आज लोग कम्यूनिटी लिविंग वाले सुरक्षित व ग्रीनरी इलाके में स्वास्थ्य के अनुकूल माहौल देने वाला आवासीय प्रोजेक्ट चाहते हैं और यह सारी खूबियां सृष्टि इम्पीरिया में उन्हे मिलेगी। डायरेक्टर नवनीत अग्रवाल ने बताया कि सृष्टि ग्रुप के प्रोजेक्ट बनाने के साथ कुछ उद्देश्य हैं जिसे लेकर वे आगे बढ़ते हैं सभी प्रकार की सुविधाएं उन्हे अपनी ही कालोनी या आसपास मिल जाए। शहर के नजदीकी इलाके में इस प्रोजेक्ट के होने से बाजार, शापिंग मॉल, रेल्वे स्टेशन, एयरपोर्ट, बैंक, शैक्षणिक संस्थान जैसे सुविधाएं उपलब्ध हैं और सबसे बड़ी बात कि यह इलाका पहले से ही काफी विकसित है। क्लब हाउस, जिम, पूल टेबल, स्कैवश, मल्टीपरपस हाल, स्वीमिंग पूल विशेष तौर पर तैयार किए गए हैं। कालोनी में ओपन जिम, बैडमिंटन पोल, लॉन टेनिस कोर्ट, नेटेड क्रिकेट पिच, बास्केटबाल, जागिंग ट्रैक, प्रे एरिया, ओपन एम्फीथिएटर, बच्चों का प्ले एरिया भी है। पूरी कालोनी सुरक्षा घेरे में हैं, सिक्योरिटी चेकिंग के बाद ही कालोनी में प्रवेश मिलेगा।

हर प्रापर्टी बायर्स की चाहत होती है एक अच्छे लोकेशन पर पूरी तरह वैधानिक प्रोजेक्ट उनके बजट की हो और इसी भरोसे के साथ वे बिल्डर्स से खरीदी करते हैं। सृष्टि ग्रुप क्रेडाई से संबद्ध है और रेरा के सारे मापदंडों के साथ टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से एफ्रुव्ड है। इसलिए काफी आसान शर्तों पर बैंकों से फाइनेंस की सुविधा भी मिल जा रही है। सृष्टि ग्रुप का सृष्टि विहार, सृष्टि ब्लाक, सृष्टि पार्क, सृष्टि गार्डन, सृष्टि पलाजो के बाद सृष्टि इम्पीरिया छठवां प्रोजेक्ट है। यह भी मालूम हो कि सृष्टि पलाजो छत्तीसगढ़ का प्रथम दस मंजिला प्रोजेक्ट पेंट हाउस के साथ था। जिसे लोगों ने काफी पसंद किया था।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर शनिवार 13 अप्रैल 2024

संक्षिप्त समाचार

डोंगरगढ़ मेला ग्राउण्ड के पास चाकू लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

राजनांदगांव(विश्व परिवार)। डोंगर थाना पुलिस ने डोंगरगढ़ मंदिर मेला ग्राउंड के पास चाकू लेकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से चाकू बरामद किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की है। बता दें कि चैत्र नवरात्रि पर्व वर्ष- 2024 में पुलिस विभाग द्वारा दर्शनार्थियों के सुरक्षा व्यवस्था/शांति व्यवस्था/कानुन व्यवस्था/यातायात, पार्किंग व मेला व्यवस्था हेतु अधिक से अधिक पुलिस बल तैनात कर चोर, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर पुलिस कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी तारतम्य में 11 अप्रेल को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा नीचे मंदिर मेला ग्राउण्ड डोंगरगढ़ के पास चाकू लेकर घुम रहे दीपेश दीप उर्फआयुष पिता सुशील दीप उम्र- 18 साल निवासी गंजपारा उत्कल कॉलोनी वार्ड नंबर 37 दुर्ग को घेराबंदी कर चाकू के साथ रंगेहाथ पकड़कर आरोपी के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

राजनांदगांव(विश्व परिवार)। जिले के घुमका थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 75 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में आगामी लोकसभा चुनाव एवं लागु आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए राजनांदगाव पुलिस के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत घुमका पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम छोटे बिरेझर निवासी आरोपी जितेंद्र बघेल के घर दबिश देकर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए 75 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 780 रुपए जब्त किया है।

5 बोरी पीडीएस चावल अवैध परिवहन करते पकड़ाया

मोहला(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन के निर्देशन में गत दिवस 10 अप्रैल को खाद्य विभाग द्वारा जांच अभियान के दरमियान अवैध रुप से परिवहन करते पीडीएस चावल जप्त कर नियमानुसार कार्रवाई किया गया है। ग्राम पंचायत मिचगाँव, विकास खण्ड मानपुर में ट्रक क्रमांक ष्ट्त05ष्ठ1886 की जाँच खाद्य अधिकारी श्री आशीष रामटेके एवं सहायक खाद्य अधिकारी श्री संजय कौशिक, खाद्य निरीक्षक मानपुर हेमंत नायक और विश्वनाथ बंजारे द्वारा किया गया। जाँच करने पर उक्त ट्रक में 5 बोरी मे 2.5 क्विंटल सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण करने वाला चावल का अवैध परिवहन पाए जाने के कारण चावल सहित ट्रक को जप्त किया गया है।

नवरात्रि पर्व : धार्मिक स्थानों पर जेबकतरों से संभलकर रहे

कोरबा(विश्व परिवार)। चैत्र नवरात्र पर्व नगर और जिले में धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रतिपदा के दिन से ही मंदिरों में भक्तों की अच्छी-खासी उपस्थिति दर्ज हो रही है जो यहां दर्शन पूजन के साथ पुनीत काम करने में भी लगे हुए हैं। 9 दिन तक चलने वाले पर्व में भक्तों की काफी संख्या विभिन्न मंदिरों में होना अनुमानित है। भीड़भाड़ का लाभ लेकर जेबकतरे और अराजक तत्व घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं। महिला दर्शनार्थियों को पुलिस के साथ मंदिर प्रबंधन द्वारा सतर्कता बरतने कहा गया है। बीते वर्षों में हुई घटनाओं के मद्देनजर भवानी मंदिर, सर्वमंगला व वैष्णो दरबार, चैतुरगढ़ आदि स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे के अलावा सुरक्षा कर्मी तैनात किये गए हैं। पुलिस भी नजर रख रही है। कहा गया है कि धार्मिक अवसरों पर विकृत मानसिकता वाले लोग भी यहां पहुंच जाते हैं और वे झपटमारी के साथ-साथ पॉकेटमारी की घटनाओं को अंजाम दे देते है। पिछले वर्ष महिला गिरोह को इस प्रकार की हरकत करने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने दर्शनार्थियों से अपील की है कि वे भक्ति भाव के साथ मंदिर जाएं और दर्शन पूजन करें। इस दौरान उन्हें कीमती जेवरात और अन्य चीजों को ले जाने से बचने की कोशिश करनी चाहिए।

नीलगिरी जंगल में लगी आग, दमकल ने पाया काबू

कोरबा(विश्व परिवार)। कोरबा-पश्चिम में कुसमुंडा क्षेत्र के दो मंजिला बी टाइप कॉलोनी के पीछे स्थित नीलगिरी जंगल में आग लग गयी। देखते ही देखते आग फैलने लगी। इसकी शिकायत राहगीरों ने एसईसीएल के दमकल विभाग को दी। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। अग्निशमन विभाग के कर्मियों का कहना था कि आग ज्यादा नहीं फैली थी। यदि आग चारों ओर फैल जाती तो उस पर काबू पाना बेहद मुश्किल होता।

पगडंडियों और कच्ची राह से पैदल चलकर कलेक्टर पहुंचे अंतिम छोर के गांव

मतदाताओं को किया जागरूक, दिलाई शपथ

लोकतंत्र को मजबूत बनाने मतदान को बताया जरूरी

कोरबा(विश्व परिवार)। रायगढ़ जिले की सीमा से लगे कोरबा ब्लॉक के दूरस्थ एवं अंतिम छोर के ग्राम पंचायत अमलडीहा के आश्रित ग्राम बलसेंधा और मालीकछार में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप की गतिविधियां संचालित करने चयन किया था। आज स्वीप के कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने और दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों को मतदान हेतु प्रेरित करने कलेक्टर श्री वसंत लगभग डेढ़ किलोमीटर तक पगडंडियों तथा कच्चे रास्तों से होकर पैदल चले। कलेक्टर ने स्वीप अंतर्गत ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के महत्व को बताते हुए उन्हें अपने पसंद के प्रत्याशियों को मत देने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि लोकतंत्र के निर्माण में सभी का मत महत्वपूर्ण होता है। हम सभी मतदान में जितनी अधिक संख्या में भागीदारी देंगे, हमारा लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। उन्होंने मतदाताओं को किसी प्रकार के प्रलोभन से दूर रहकर मतदान करने की अपील की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कोरबा जिले के अंतिम छोर ग्राम मालीकछार जो कि रायगढ़ जिले की सीमा से लगा हुआ है, वहां स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम संचालित किया गया। इस दौरान गांव में पैदल रैली निकाली गई। ग्रामीणों द्वारा मतदान करने के संदेश दिए गए। कार्यक्रम में कलेक्टर ने ग्रामीणों के साथ पैदल चलकर मतदाता जागरूकता रैली में भाग लिया। उन्होंने ग्रामीणों के साथ मतदान करने की शपथ भी ली। इस दौरान नारा लेखन, मतदाता जागरूकता अंतर्गत बनाई गई रंगोली का अवलोकन भी कलेक्टर ने किया।

मौसी पर पेट्रोल छिड़ककर लगा दी आग,महिला गिरफ्तार

रायगढ़(विश्व परिवार)। शरह के जूटमिल थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपनी ही मौसी पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। आरोपी महिला खुद को आग लगाने के लिए आई थी पर मौसी के द्वारा मना करने तथा उसके पुत्र को बुलाने पर गुस्से में आकर महिला ने अपनी मौसी पर ही पेट्रोल डालकर आग लगा दी। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बजरंगपारा में रहने वाली महिला फूलो बाई चौहान (उम्र 64 वर्ष) के घर बुधवार को उसकी भतीजी शकुंतला चौहान (50 वर्ष) आई थी। और कहने लगी कि घर परिवार के लोग कोई रिश्ता नहीं रखे हैं जिससे अकेले किराए मकान में रहकर जीवन यापन करना पड़ रहा है काफी परेशान हो गई हूं, पेट्रोल लेकर आई हूं यहीं आग लगाकर आत्महत्या करूंगी। जिसपर फूलो बाई और उसकी बहू सुमित्रा चौहान ने शकुंतला को समझाया कि यहां यह सब मत करो किंतु शकुंतला नहीं मानी और आत्महत्या करने की जीद करने लगी। तब सुमित्रा चौहान पड़ोस मे रहने वाली शकुंतला के लड़के हेमंत चौहान को बुलाने के लिए दौड़ी जिससे शकुंतला चौहान गुस्से में आ गई और मेरे बेटे को बुला रहे हो कहकर बोतल में रखे पेट्रोल को अपनी मौसी फूलो बाई चौहान के ऊपर डालकर आग लगा दी। जिसके बाद इसकी सूचना जुटमिल थाने में दी गई।

युवाओं ने विशाल आकर्षक रंगोली एवं दीप जलाकर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की

युवाओं ने 26 अप्रैल को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, निर्भीक और बिना किसी प्रलोभन के मतदान करने का लिया संकल्प

राजनांदगांव(विश्व परिवार)। मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ी संख्या में युवाओं ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में विशाल आकर्षक रंगोली एवं दीप जलाकर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने आरोहण बीपीओ सेंटर टेड़ेसरा के युवाओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान युवाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं। सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने युवाओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। युवा वर्ग को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए यह स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवाओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के साथ ही नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक करने को कहा गया। युवाओं ने एक स्वर में इस लोकतंत्र के महापर्व पर अपना योगदान शत-प्रतिशत मतदान करने की सहमति दी। युवाओं ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन में 26 अप्रैल 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, निर्भीक और अन्य किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना जिले में शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। स्वीप कार्यक्रम में युवाओं ने मतदाता जागरूकता के नारे लोकतंत्र के लिए मतदान राजनांदगांव का अभिमान, मोर वोट-मोर अधिकार, लोकतंत्र का करें सम्मान 26 अप्रैल को करें मतदान, जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान जैसे नारों से अपने मताधिकार का उपयोग करने का आव्हान किया गया।

कवासी लखमा के खिलाफ एफआईआर की मांग

कोरबा(विश्व परिवार)। प्रदेश के बस्तर से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर एक विवादित बयान दिया है। यह बयान गोंडी में है, गोंडी में कहा जा रहा कि कवासी लखमा निडीतोर, नरेंद्र मोदी बोलतोर भाजपा नेताओं ने इस बयान का अर्थ बताया कि कवासी लखमा जीतेगा, नरेंद्र मोदी मरेगा। भाजपा नेताओं ने श्री लखमा के इस बयान पर गहरी आपत्ति दर्ज कराई और बुधवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले से मुलाकात कर शिकायत की, साथ ही एक कॉपी भारत चुनाव आयोग नई दिल्ली भी भेजी गई, भाजपा नेताओं ने इस बयान पर एफआईआर दर्ज कर उम्मीदवारी रद्द करने और प्रचार पर प्रतिबंध लगाने को मांग की।भाजपा के प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, निर्वाचन समिति प्रमुख डॉ. विजय शंकर मिश्रा, सहसंयोजक मोहन पवार, विधायक मोतीलाल साहू और भाजपा मीडिया प्रभारी अमित चिमत्तानी मौजूद थे। भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी श्री लखमा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर विवादित बयान दिया है, इसके पहले 9 अप्रैल को एक हिंसात्मक बयान भी सोशल मीडिया में वायरल है, इन बयानों से प्रदेश का माहौल खराब हो रहा है।

मास्टर ट्रेनर ने दिया माइक्रो आब्जर्वर को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)। आगामी होने जा रहे लोकसभा मतदान के दिन मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराए जाने हेतु माइक्रो ऑब्जर्वर के लिए निर्वाचन संबंधित द्वितीय चरण का प्रशिक्षण संयुक्त जिला कार्यालय भवन के तृतीय तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर ने द्वारा मतदान केन्द्र में मतदान से पूर्व, मतदान के दिन तथा मतदान समाप्ति के बाद होने वाली सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर ने अवगत कराया कि निर्वाचन में सकुशल मतदान संपन्न कराने में माइक्रो आब्जर्वर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और माइक्रो आब्जर्वर को निर्वाचन से जुड़ी हर प्रक्रिया और प्रपत्र के बारे में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुरूप कार्य किया जाना है और सभी माइक्रो आब्जर्वर का दायित्व है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से करें, जिससे निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित निर्वाचन प्रक्रिया संपादित की जा सके। प्रषिक्षण में मॉकपोल के पश्चात सीआरसी अर्थात क्लोज, रिजल्ट क्लियर की प्रक्रिया तथा मतदान प्रक्रिया सम्पादन और मतदान समाप्ति के बाद ईवीएम को क्लोज करना एवं सीलिंग प्रक्रिया के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गये। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री कमल किशोर, तहसीलदार सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

देवपहरी में शक्ति उपासना के साथ कई आयाम को बढ़ावा देने की कोशिश

कोरबा(विश्व परिवार)। चैत्र नवरात्र पर्व का उत्साह शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में दिख रहा है। प्रकृति की सुरम्य वादियों में स्थित देवपहरी के गौमुखी सेवाधाम परिसर में नवरात्र पर शक्ति की उपासना के साथ कई आयाम को बढ़ावा देने की कोशिश जारी है। ग्रामीण विकास की संकल्पना को ध्यान में रख आसपास के 40 गांव को संस्था ने जोड़ा है। यहां के लोग इस पर्व में अपनी भागीदारी तय कर रहे हैं। सामान्य रूप से नवरात्र पर शक्ति की उपासना और सद्कार्यों में इसकी उपयोगिता पर बल दिया जाता है। ऐसे में कोरबा विकासखंड के देवपहरी गौमुखी सेवाधाम के सिद्धिदात्री मंदिर में नवरात्र अलग तो नहीं है लेकिन इसे असाधारण बनाने का प्रयास जरूर किया गया है। 24 वर्ष पहले इस केंद्र की स्थापना हुई। उस समय न तो पहुंचने के लिए रास्ते थे और न ही दूसरे संसाधन। दुस्वारियों के बीच यहां इस प्रकल्प को स्थापित करने का न केवल संकल्प लिया गया बल्कि इसे पूरा भी किया गया। शुरुआती दौर में कुछ आयाम पर काम हुआ और बाद में बढ़ोत्तरी की गई। सामाजिक, धार्मिक, स्वावलंबन, आध्यात्म और ग्रामीण विकास को ध्यान में रखते हुए और आगे बढ़ाएंगे। देवपहरी के आसपास मौजूद 40 गांवों में ज्यादातर आबादी जनजाति समुदाय के हैं और मौके पर कई प्रकार की चुनौतियां भी। ऐसे में परिस्थितियों को नियंत्रित करने और सात्विक वातावरण का निर्माण करने को लेकर लोगों को भरोसे में लिया गया। तब से अब तक कई प्रकार के परिवर्तन इस क्षेत्र में देखने को मिले हैं। वर्ष प्रतिपदा से प्रारंभ हुए चैत्र नवरात्र पर्व में सिद्धिदात्री के दरबार में सुबह-शाम पूजा और आरती के लिए बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति दर्ज हो रही है। खास बात यह है कि क्षेत्र के परिवारों ने अपने बच्चों को संस्कारित वातावरण देने के लिए भी खुद पहल की।

नामांकन प्रक्रिया से पूर्व कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर ने व्यवस्थाओं का लिया जाएजा

एंट्रेस से लेकर नामांकन दाखिल करने संबंधी सभी तैयारियों की ली जानकारी

रायगढ़(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर श्री कार्तिकेया गोयल आज कलेक्ट्रेट में 12 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले लोक सभा निर्वाचन अन्तर्गत नामांकन प्रक्रिया की व्यवस्था को लेकर मॉक ड्रिल किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल और अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आकाश मरकाम सहित अन्य राजस्व, पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल एवं एसपी श्री पटेल ने अभ्यर्थियों के प्रवेश हेतु जिला न्यायालय से लेकर कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट तक की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक बेरिकेडिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष से 100 मीटर की परिधि में अधिकतम 3 वाहनों के प्रवेश की अनुमति होगी। इसके साथ ही आरओ/एसएआरओ के कक्ष में इच्छुक अभ्यर्थी के साथ अधिकतम केवल 4 व्यक्ति की प्रवेश कर सकते हैं। जिसके लिए उन्होंने मुख्य गेट से लेकर आरओ कक्ष में सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने एवं बेरीकेडिंग के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने कॉरिडोर में आवागमन हेतु व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लोकसभा क्षेत्र क्रमाक-2 रायगढ़ के रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष क्रमांक 2 में पहुंचे। उन्होंने आरओ कक्ष में निर्वाचन कार्य में संलग्न कर्मचारी से उनके कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों से अभ्यर्थियों के निर्देशन पत्र प्राप्ति, वापसी पंजी, जाति, निवास, शपथ पत्र जैसे सभी दस्तावेजों की जांच चेक लिस्ट अनुसार क्रमानुसार से जांच करने के निर्देश दिए, ताकि कही भी गलती न हो।

तीस हजार से अधिक मनरेगा श्रमिकों ने कार्यस्थल पर ली 7 मई को मतदान की शपथ

रायगढ़(विश्व परिवार),। स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत 'चुनाव का पर्व देश का गर्व' के तहत जिले के 30 हजार से अधिक मनरेगा श्रमिकों ने कार्यस्थल पर शत-प्रतिशत मतदान की शपथ ली तथा दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। लोकसभा निर्वाचन-2024 में शत-प्रतिशत मतदान हेतु मतदाता जागरूकता को लेकर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन व सीईओ जिला पंचायत व स्वीप नोडल श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रकार के आयोजन किये जा रहे है। इसी तारतम्य में जिले के सात जनपद पंचायत में शपथ ग्रहण के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए श्रमिकों ने भाग लिया और उन्होंने इस दौरान मतदाता जागरूकता की शपथ भी ली। इसी कड़ी में 549 ग्राम पंचायतों में कार्यस्थल पर महिला, पुरूष एवं युवा श्रमिकों सहित ग्रामीणों ने मतदाता जागरूकता के तहत शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। साथ ही अपने परिवार व आस-पास के मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। जिसमें जनपद पंचायत धरमजयगढ़ में 5070, जनपद पंचायत घरघोड़ा में 3266, जनपद पंचायत खरसिया में 5691, जनपद पंचायत लैलूंगा में 4471, जनपद पंचायत पुसौर में 5318, जनपद पंचायत रायगढ़ में 2993, जनपद पंचायत तमनार में 3259 श्रमिक शामिल हुए।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

खेल-व्यापार

रायपुर शनिवार 13 अप्रैल 2024

व्यापार समाचार

एशियाई विकास बैंक ने दी गुड न्यूज, इस वर्ष भारत की आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत रहने का लगाया अनुमान

नई दिल्ली(एजेंसी)। एशियाई विकास बैंक ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। एडीबी का कहना है कि मजबूत वृद्धि सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की निवेश मांग और उपभोक्ता मांग में क्रमिक सुधार से प्रेरित होगी। हालांकि, 2024-25 का विकास अनुमान 2022-23 वित्तीय वर्ष के अनुमानित 7.6 प्रतिशत से कम है। एडीबी ने कहा कि मजबूत निवेश ने वित्त वर्ष 2022-23 में जीडीपी वृद्धि को गति दी क्योंकि खपत कम थी। एडीबी ने पिछले साल दिसंबर में वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.7 प्रतिशत विस्तार का अनुमान लगाया था। शुक्रवार को जारी एशियाई विकास आउटलुक के अप्रैल संस्करण में एडीबी ने कहा कि विनिर्माण और सेवाओं में मजबूत गति के साथ वित्त वर्ष 2023 में अर्थव्यवस्था में जोरदार वृद्धि हुई है। यह पूर्वानुमानित क्षितिज पर तेजी से बढ़ती रहेगी। विकास मुख्य रूप से मजबूत निवेश मांग और उपभोग मांग में सुधार से प्रेरित होगा। वहीं, मुद्रास्फीति में गिरावट का रुझान जारी रहेगा। इसमें कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 और वित्त वर्ष 2025 में नरमी के बावजूद विकास मजबूत रहेगा। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एडीबी ने भारत की विकास दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। एडीबी ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में निर्यात अपेक्षाकृत कम रहने की संभावना है क्योंकि प्रमुख उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि धीमी हो गई है लेकिन वित्त वर्ष 2025 में इसमें सुधार होगा।

भारतीय एआई स्टार्टअप नेयसा ने जुटाए 20 मिलियन डॉलर

मुंबई(एजेंसी)। एआई क्लाउड और प्लेटफॉर्म-ए-ए-सर्विस (पीएएएस) स्टार्टअप नेयसा ने कहा कि उसने मैट्रिक्स पार्टनर्स इंडिया, नेक्सस वेंचर पार्टनर्स और एनटीटीवीसी निवेश फर्मों से 20 मिलियन डॉलर (लगभग 166 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। शरद सांघी (सीईओ) और अनिंद्या दास (सीटीओ) द्वारा स्थापित स्टार्टअप ने कहा कि फंडिंग भारत और वैश्विक बाजारों में कंपनियों के लिए जनरेटिव एआई क्लाउड प्लेटफॉर्म को एक सेवा और अवलोकन के रूप में चलाने में मदद करेगी। सांघी ने कहा, हमारा लक्ष्य नवाचार की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए इस फंडिंग का लाभ उठाना है, हमारे ग्राहकों को हमारे एंड-टू-एंड जेनरेटिव एआई पास इकोसिस्टम और हमारे एआई-इंजीनियर्ड ऑब्जर्वेबिलिटी प्लेटफॉर्म की शक्ति से सहायता करना है। नेयसा इस साल तीसरी तिमाही में अपनी सेवाएं जारी करने की योजना बना रही है। दास ने कहा, यह फंडिंग एआई को लोकतांत्रिक बनाने, सभी आकार की कंपनियों के नवाचार को बढ़ावा देने के हमारे मिशन को आगे बढ़ाएगी। नेयसा ने कहा कि इससे उद्यमों को अपने डेटा और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी पर नियंत्रण रखने में मदद मिलेगी। मैट्रिक्स पार्टनर्स के एमडी अवनीश बजाज ने कहा, वैश्विक स्तर पर उद्यम, और यहां तक कि भारत में भी, एआई देशी क्लाउड कंप्यूटिंग में बदलाव में मदद करने के लिए उत्सुक हैं और भारत में उनके साथ साझेदारी करने के लिए हमारी टीम बेहतर और अधिक अनुभवी है।

क्वेकर की दिल को छू लेने वाली लॉन्ग फॉर्मेट वाली एड फिल्म ने दिया बेहतरीन संदेश, बच्चों के जीवन में पोषण के महत्व पर डाली रोशनी

रायपुर। जब भी पोषण की बात आती है, तब भारत में ओट्स सेगमेंट की अग्रणी कंपनियों में से एक क्वेकर का नाम सबसे पहले सामने आता है। ब्रांड, अपनी 'बाउल ऑफ ग्रोथ' पहल के माध्यम से 3 तरह के प्रयासों के साथ बच्चों में कुपोषण की स्थिति को हल करने का प्रयास करता है। क्वेकर के तीन प्रमुख प्रयासों में 3 से 5 वर्ष की आयु के बच्चों को पोषण प्रदान करना, माता-पिता/देखभाल करने वालों में पोषण की समझ विकसित करना और समुदाय में जागरूकता फैलाना शामिल है। महाराष्ट्र उन राज्यों में शामिल है जहां कुपोषण की स्थिति बेहद चिंताजनक है। इसे देखते हुए पुणे के ग्रामीण क्षेत्रों में पहले से चुने गए ब्लॉकों में एक खास पोषण-केंद्रित कार्यक्रम शुरू किया है। सामुदाय के बीच कुपोषण को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए, ब्रांड ने अपनी पहली लॉन्ग-फॉर्मेट वाली एड फिल्म 'दोहले जेवन पोशांची वाटी' लॉन्च की है। इस एड फिल्म की कहानी भावनात्मक रूप से बेहद प्रेरक है। यह कहानी न केवल बच्चों में कुपोषण संबंधी समस्या पर ध्यान देने के लिए जरूरी पोषण की आवश्यकता पर बल देती है, बल्कि दर्शकों के साथ गहरा संबंध बनाने के लिए स्थानीय रहन सहन और संस्कृति के तत्वों को भी शामिल करती है। लॉन्च को लेकर बात करते हुए, श्रावणी बाबू, एसोसिएट डायरेक्टर एवं कैटेगरी लीड - क्वेकर, पेप्सिको इंडिया ने कहा, ''कुपोषण के खिलाफ क्वेकर की लड़ाई की शुरुआत पिछले साल हुई थी। पिछले साल हमने NGO MAMTA HIMC के साथ मिलकर पुणे में क्वेकर बाउल ऑफ ग्रोथ प्रोग्राम को लॉन्च किया था। चाहे आंगनबाड़ियों में बच्चों को परोसा जाने वाला भोजन पंजीरी हो या सदियों पुराने आयोजन के माध्यम से समुदाय में जागरूकता लाना हो, हमने शुरुआत से ही सांस्कृतिक तत्वों को अपने कार्यक्रम में शामिल किया है। यह शॉर्ट फिल्म जागरूकता फैलाने की दिशा में एक और कदम है। इस फिल्म में एक ऐसे बच्चे के नजरिए से पोषण के जरूरत पर रोशनी डाली गई है, जो अपने होने वाले भाई-बहन की भलाई को लेकर बेहद चिंतित है।'' विक्रम पांडे (स्पाइकी), नेशनल क्रिएटिव डायरेक्टर, लियो बर्नेट इंडिया ने कहा, क्वेकर उन चुनिंदा ब्रांडों में से एक है जो न केवल ब्रांड उद्देश्य के बारे में बात करते हैं, बल्कि बात पर अमल भी करते हैं। क्वेकर बाउल ऑफ ग्रोथ एक शानदार कार्यक्रम है और इसे सही तरीक से दर्शाने के लिए एक दिल को छूने वाली कहानी की जरूरत है। हमने पाया कि 'दोहले जेवन' के सांस्कृतिक अनुष्ठान में, हमारी फिल्म पोषण के महत्व को एक ऐसे बच्चे की आंखों के माध्यम से दर्शाती है, जो खुद इससे जूझ रहा है और अपने आने वाले भाई या बहन को लेकर भी चिंतित है।

टी20 वर्ल्ड कप से कट सकता है जायसवाल का पत्ता!

जयपुर(एजेंसी)। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का सेलेक्शन जल्द होने वाला है। इस सेलेक्शन में आईपीएल 2024 में खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अहम होगा। इस बीच आईपीएल 2024 के मैच नंबर 24 में राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस की टक्कर हुई। फैंस को उम्मीद थी कि खराब फॉर्म से जूझ रहे यशस्वी जायसवाल का बल्ला इस मुकाबले में चलेगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। गुजरात के खिलाफ यशस्वी जायसवाल 24 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें उमेश यादव ने विकेटकीपर मैथ्यू वेड के हाथों कैच कराया। अब तक ये सीजन यशस्वी के लिए बेहद खराब रहा है। उन्होंने अपने पहले पांच मुकाबलों में केवल 63 रन बनाए हैं, जिसमें 24 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। अगर इस युवा बल्लेबाज को आगामी वर्ल्ड कप में अपनी जगह बनानी है, तो उन्हें बड़ी या असरदार पारी खेलनी होगी। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने पहले ही ऐलान कर दिया था कि रोहित शर्मा टीम इंडिया के कप्तान रहेंगे और ऐसे में एक ओपनर वो ही रहेंगे। अब सवाल है कि उनका पार्टनर कौन होगा। वैसे तो इस रेस में कई दावेदार हैं, लेकिन सबसे बड़ी टक्कर गिल और जायसवाल के बीच है, जो पिछले एक साल में इस पोजिशन में लगातार खेल रहे हैं। हालांकि, शुभमन गिल का प्रदर्शन भी अब तक कुछ खास नहीं रहा लेकिन उनके आंकड़े जायसवाल के मुकाबले बेहतर हैं। बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के 5 पारियों के स्कोर कुछ ऐसे हैं- 24, 5, 10, 0, 24। यानी 5 पारियों में सिर्फ 63 रन। पिछले सीजन में अनकैप्ड प्लेयर के तौर पर 600 से ज्यादा रन बनाकर इतिहास रचने वाले जायसवाल का ऐसा प्रदर्शन चौंकाता है। खास तौर पर पिछले एक साल में हर फॉर्मेट में यशस्वी की फॉर्म को देखते हुए ये परेशान करने वाला है, क्योंकि टी20 वर्ल्ड कप ज्यादा दूर नहीं है। इस युवा बल्लेबाज का फॉर्म में आना भारतीय टीम के लिए इसलिए भी अहम है, क्योंकि यशस्वी जायसवाल के पासा वो विस्फोटक क्षमता है जो उन्हें रोहित शर्मा के साथ एक बतौर सलामी बल्लेबाजी में चाहिए।

6 से 7 हजार रुपए सस्ता होने वाला है सोना, खरीदारी के लिए रहें तैयार

मुंबई (एजेंसी)। पीली धातु सोने की कीमतें हाई लेवल पर हैं। हर कोई यही अनुमान लगा रहा है कि सोने और चांदी की कीमतों में तेजी जारी रहेगी। वैसे हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्टस में दावा किया जा रहा है कि जून में सोने के दाम में 6 से 7 हजार रुपए की गिरावट आ सकती है? जून महीने में फेड रिजर्व की बैठक होने जा रही है। इस मीटिंग में फेड के फैसले से गोल्ड की कीमतों में गिरावट आएगी या फिर तेजी आएगीज इसका फैसला भी जल्द ही पता लग जाएगा। इस समय गोल्ड की कीमतें लगातार बढ़ रही है तो ऐसे में गोल्ड की कीमतों में करेक्शन देखने को मिल सकता है। कुछ महीनों में सोने की कीमतों में करीब 27 फीसदी की तेजी देखने को मिली है, लेकिन अब सोने में करेक्शन भी आएगी। अगर जून के महीने में अमेरिकी सेंट्रल बैंक ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करता है, तो डॉलर इंडेक्स और बॉन्ड यील्ड में इजाफा हो जाएगा, उसके बाद गोल्ड की कीमतों में 8 से 10 फीसदी की गिरावट देखने को मिल सकती है। यहां तक कि अगर फेड जून में ब्याज दरों में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती करता भी है और आपने वाले दिनों के लिए ब्याज दरों पर अपना रुख दोबारा से स्टेबल करता है तो गोल्ड के दाम में गिरावट देखने को मिलेगी।

आईपीएल 2024 में रियान पराग का वर्जन 2.0

जयपुर(एजेंसी)। राजस्थान रॉयल्स के स्टार खिलाड़ी रियान पराग का शानदार फॉर्म जारी है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ उन्होंने इस सीजन का अपना तीसरा अर्धशतक लगाया। घरेलू दर्शकों के सामने उन्होंने तूफानी पारी खेलते हुए चौके-छक्कों की बारिश की। आलम ये था कि पूरा सवाई मानसिंह स्टेडियम उनके नाम से गूंज उठा। सोशल मीडिया पर अक्सर ट्रोलर्स का शिकार बनने वाले रियान पराग ने बाहरी किसी भी चीज को खुद पर हावी नहीं होने दिया। आरआर टीम मैनेजमेंट ने हमेशा इस युवा बल्लेबाज को उनके

खराब दौर में सपोर्ट किया, लेकिन इस सीजन की कहानी थोड़ी अलग है। रियान को टारगेट करने वाले शायद अब समझ चुके हैं कि आखिर आरआर इस खिलाड़ी को इतना सपोर्ट क्यों करती है। आईपीएल 2024 में टीम मैनेजमेंट ने रियान पराग के बैटिंग ऑर्डर में बदलाव करते हुए उन्हें नंबर 4 पर प्रमोट किया है। शायद ये बदलाव घरेलू सर्किट में उनके दमदार प्रदर्शन को देख कर किया गया हो। पिछले कई सीजन रियान पराग के लिए अच्छे नहीं रहे, लेकिन बुधवार को सीजन में पहली हार झेलने के बावजूद राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग और उनकी बेखौफ बल्लेबाजी की फैंस चर्चा कर रहे हैं। लंबे समय तक खराब फॉर्म झेल रहे पराग ने पहले घरेलू सर्किट में शानदार प्रदर्शन किया और अब उसे आईपीएल में भी जारी रखा।

दालों की कीमतों पर नियंत्रण के लिए जमाखोरी के खिलाफ निगरानी बढ़ाने का केंद्र का निर्देश

नई दिल्ली(एजेंसी)। केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सभी भंडारण इकाइयों द्वारा दालों के भंडार पर साप्ताहिक रिपोर्ट की व्यवस्था लागू करने का निर्देश दिया है। साथ ही जमाखोरी और बाजार में हेरफेर को रोकने के लिए उनके द्वारा घोषित भंडार को सत्यापित करने के लिए कहा है ताकि कीमतों को बेकाबू होने से रोका जा सके। उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा राज्यों को जारी आदेश में कहा गया है कि प्रमुख बंदरगाहों और उद्योग केंद्रों में स्थित गोदामों में दालों के भंडार को समय-समय पर सत्यापित किया जाना चाहिए और भंडार प्रकटीकरण पोर्टल पर गलत जानकारी देने वाली इकाइयों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उपभोक्ता मामले विभाग की



सचिव निधि खरे ने भंडारण इकाइयों द्वारा दालों के भंडार प्रकटीकरण को लागू करने के लिए 5 अप्रैल को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को जारी निर्देश के बाद राज्य सरकारों के अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की। बैठक में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को जमाखोरी और बाजार में हेरफेर को रोकने के लिए दालों के स्टॉक की स्थिति और कीमत के रुझान पर निगरानी बढ़ाने के लिए कहा गया था। खरे ने आयात और भंडार प्रकटीकरण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए दाल आयातक संघों और अन्य दाल उद्योग प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक भी की। प्रतिभागियों ने सामान्य रूप से दाल उद्योग और विशेष रूप से आयात पर अपने विचार और इनपुट साझा किए। आयातकों और कंपनियों को साप्ताहिक आधार पर आयातित पीली मटर सहित दालों के अपने भंडार की घोषणा करने के लिए कहा गया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस संबंध में उपभोक्ता मामलों के विभाग ने पीले मटर को शामिल करने के लिए भंडार प्रकटीकरण पोर्टल को नया रूप दिया है और बिग चेन रिटेलर को एक इकाई के रूप में पेश किया है जो 15 अप्रैल 2024 से चालू हो जाएगा। पांच प्रमुख दालों - अरहर, उड़द, चना, मसूर और मूंग के अलावा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को आयातित पीली मटर के संबंध में स्टॉक की स्थिति की निगरानी करने के लिए कहा गया है।

संजू सैमसन पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना

जयपुर(एजेंसी)। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ये राजस्थान के लिए सीजन में पहली हार के बाद दूसरा झटका है। सैमसन पर यह जुर्माना बुधवार को जयपुर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले के बाद लगाया गया। संजू को स्लो ओवर रेट का दोषी पाया गया है। आईपीएल ने मीडिया रिलीज में कहा,आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के अनुसार यह राजस्थान के कप्तान की इस सीजन की पहली गलती है इसलिए उन्हें सबसे न्यूनतम दंड दिया गया है। सैमसन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। संजू सैमसन ने 38 गेंदों में नाबाद 68 रन बनाए और रियान पराग (78) के साथ 130 रनों की अहम साझेदारी की, जिससे राजस्थान ने 20 ओवरों में 196/3 का शानदार स्कोर बनाया। जवाब में इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात ने 20 ओवर में 7 विकेट पर इसे हासिल कर लिया। हार के बावजूद, आरआर अभी भी अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर है। अब शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलने के लिए टीम मुल्लांपुर जाएगी।

छत्तीसगढ़ के बाजार में कामधेनु लिमिटेड का मज़बूत प्रदर्शन

रायपुर। भारत की सबसे बड़ी निर्माता और रिटेल में ब्रांडेड टीएमटी बार की विक्रेता, कामधेनु लिमिटेड ने घोषणा की है की कंपनी ने पिछले एक वर्ष में अपने प्रीमियम ब्रांडेड टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्ट' की मांग में जबरदस्त वृद्धि देखी। इस मांग को पूरा करने के लिए कामधेनु ने सफ्लतापूर्वक अपने अगली पीढ़ी के हाई-एंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्ट' की उत्पादन क्षमता को एक वर्ष में 3.5 लाख मीट्रिक टन से बढ़ा कर 5 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। चैनल पार्टनर नेटवर्क भी जो 2023 में 1200 डीलर था, वो बढ़कर 1350 तक विस्तारित हो गया है। राज्य में इंफ्रा और स्टील की बढ़ती माँग को देखते हुए कामधेनु लिमिटेड ने अगले साल के अंत तक कामधेनु नेक्स्ट टीएमटी बार की उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 6 लाख मीट्रिक टन करने की योजना बनाई है। इस संशोधित क्षमता का समर्थन करने के लिए, कंपनी अपने चैनल पार्टनर नेटवर्क को भी विस्तारित कर, 100 और डीलरों और वितरकों को जोड़ेगी। कंपनी की विकास यात्रा और योजनाओं पर टिप्पणी करते हुए, कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, हम छत्तीसगढ़ में अपने प्रीमियम टीएमटी बार, 'कामधेनु नेक्स्ट' की बढ़ती मांग को देखकर बेहद खुश हैं। यह वृद्धि हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में बाजार के विश्वास को दर्शाता है। हमारी उत्पादन क्षमता और चैनल पार्टनर नेटवर्क का विस्तार हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। कामधेनु लिमिटेड नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के लिए समर्पित है। कामधेनु नेक्स्ट' कामधेनु में प्रचलित विश्व स्तरीय अनुसंधान एवं विकास और अभिनव उत्पाद विकास का एक उत्पाद है। 2.5 गुना मजबूत कंक्रीट-स्टील इंटरलॉक के साथ, कामधेनु नेक्स्ट ऐसी विशेषताएं प्रदान करता है जो इंजीनियर मज़बूत संरचनाओं और स्मार्ट आर्किटेक्चरल अवधारणाओं में नए युग की आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह से उपयुक्त हैं। उन्होंने आगे कहा की , कामधेनु इस क्षेत्र में उभरती जरूरतों को पूरा करने और बाजार में तकनीकी रूप से उन्नत उत्पादों के लिए एक बेंचमार्क स्थापित करने के लिए विश्व स्तर के उत्पादों को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, उन्होंने आगे कहा। कामधेनु नेक्स्ट को डबल रिब वाले अनोखे डिजाइन, अधिक मजबूती और लचीलापन, सामान्य स्टील टीएमटी बार से अधिक बेहतर बनाते हैं।

एयरटेल ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 29 लाख 5जी ग्राहकों की उपलब्धि हासिल की

रायपुर। भारत के अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज घोषणा की है कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अब 29 लाख ग्राहक उनकी 5जी सेवा का आनंद उठा रहे हैं। कंपनी ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी शहरों और जिलों में सफ्लतापूर्वक अपनी 5जी सेवा की शुरुआत कर दी है, जो नेक्स्ट जेनरेशन की मोबाइल सुविधाएं देने की दिशा में एक उत्साहजनक कदम है। पिछले 6 महीनों में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में एयरटेल के 5जी अपने नेटवर्क का पूरे राज्य में विस्तार कर दिया है, जिससे ग्राहकों को 5जी सेवा से जुड़ना आसान हो गया। सांची स्तूप जैसे ऐतिहासिक स्थलों से लेकर प्रसिद्ध तीर्थ स्थल उज्जैन और अपनी मूर्तिकला के लिए प्रसिद्ध खजुराहो तक, एयरटेल संपूर्ण मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी सेवाएं लगातार मुहैया करा रही है। कंपनी की इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, रितेश अग्रवाल, सीईओ - मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़, भारती एयरटेल ने कहा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 5जी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए हम जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर को तेज़ी से स्थापित करने के लिए हम महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। हम अपने उन सभी ग्राहकों का शुक्रिया अदा करते हैं जिन्होंने 5जी का अनुभव लेने के लिए अपग्रेड किया है, वे बिना किसी अतिरिक्त लागत के असीमित 5त्न सेवा का आनंद ले सकते हैं। हमारा अथक प्रयास हमारे ग्राहकों को राज्य के सबसे तेज, सबसे विश्वसनीय और अत्याधुनिक नेटवर्क से लगातार जोड़े रखना है। देश में 5जी सेवा का तेज़ी से विस्तार होना कई कारणों पर निर्भर है, जिनमें शामिल हैं नेटवर्क का तेज़ी से विस्तार, 5जी सुविधाओं की जल्द शुरुआत और 5जी उपकरणों की बढ़ती उपलब्धता। किफायती 5त्न उपकरणों को उपयोगकर्ताओं के लिए सुलभ बनाने के लिए, एयरटेल ने पोको के साथ भी सहयोग किया है ताकि 10 हज़ार रुपये से कम कीमत वाले 5जी स्मार्टफोन पेश किए जा सकें।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शनिवार 13 अप्रैल 2024

कलेक्टर के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रायपुर (विसं)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज आरंग विकासखंड के गोइंदा गांव में ग्रामीणों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। यहां नवाचार तरीके से मतदाता जागरूकता के कार्य किए गए है। ग्राम पंचायत गोईन्दा में अनाज, सब्जी और सलाद से स्वीप का मोनो बनाया गया। जहां अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मतदाता शामिल हुए।

संक्षिप्त समाचार

किक बास्क्सिंग प्रतियोगिता पोस्टर का मुख्यमंत्री एवं खेलमंत्री ने किया विमोचन

रायपुर (विश्व परिवार)। 20 अप्रैल 2024 को कोरबा में आयोजित 11वी राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता (चिल्ड्रन एवं कैडेट डिविजन) के पोस्टर का विमोचन आज प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल एवं छग किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री छगनलाल मुंदड़ा के करकमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों के 7 वर्ष से 15 वर्ष तक के लगभग 200 बालक बालिका एवं आफिशियल किकबॉक्सिंग खेल की विभिन्न विधाओं में हिस्सा लेंगे।

छगन मुंदड़ा की पहल पर आयोजित होगी 11वीं बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता

एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर द्वारा हृदय रोग ओपीडी आपके शहर अंबिकापुर में

रायपुर (विश्व परिवार)। प्रदेश भर में उच्चतम गुणवत्ता के साथ किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रसिद्ध एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल द्वारा 13 अप्रैल 2024, शनिवार को अंबिकापुर में हृदय रोग ओपीडी आयोजित की जा रही है। इस ओपीडी में एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर के डॉ. सुमंता शेखर पाढ़ी (वरिष्ठ सलाहकार, क्लीनिकल लीड कार्डियोलॉजी विभाग) अपनी सेवाएं देंगे। इस ओपीडी का आयोजन प्रकाश हॉस्पिटल, अंबिकापुरमें सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया है। जिन मरीजों कोसीने में दर्दसाँस लेने में तकलीफ, जल्दी थक जानाअनियमित हृदय गति, जी मचलना, सीने में जलन, पेट और पीठ में दर्द, बाएं कंधे या बांह से बाएं शरीर में दर्द फैलना, आदि से संबंधित अन्य शिकायत हो वेडॉ. सुमंता शेखर पाढ़ी से परामर्श ले सकते है, आज अग्रिम पंजीयन कर ओपीडी का लाभ ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे 9827872666, 9713667433.

ITC समूह चेयरमैन एवं प्रबंध निर्देशक से सौजन्य भेंट

रायपुर (विश्व परिवार)। श्री संजीव पुरी चेयरमैन एवं प्रबंध निर्देशक (ITC समूह), राजकुमार कॉलेज, रायपुर के ISC-1981 बैच के पूर्व छात्र हैं। आज गंगपुर उड़ीसा के राजा श्री समरेंद्र शेखर देव, जो कि राजकुमार कॉलेज जनरल काउंसिल के सदस्य हैं एवं कर्नल अविनाश सिंह प्राचार्य राजकुमार कॉलेज ने श्री संजीव पुरी से सौजन्य मुलाकात की एवं उन्हें कॉफी टेबल बुक भेंट की, जो राजकुमार कॉलेज के 140 वर्षों के गौरवशाली यात्रा को दर्शाती है। श्रीसंजीव पुरी ने, राजकुमार कॉलेज को देश के उत्कृष्ट विद्यालय बनाए जाने हेतु किएजाने वाले प्रयासों की सराहना की।

ग्रीष्म ऋतु में यात्रियों की सुविधा के लिए दुर्ग एवं छपरा के मध्य 03 फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन की सुविधा

रायपुर (विश्व परिवार)। रेलवे द्वारा ग्रीष्म ऋतु में यात्रियों की सुविधा दुर्ग-छपरा के मध्य गाड़ियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए एक समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग-छपरा-दुर्ग के मध्य 03 फेरे के लिये चलाई जायेगी एवं यह गाड़ी दुर्ग से 08795 नम्बर के साथ तथा छपरा से 08796 नम्बर के साथ चलेगी। 08795 दुर्ग-छपरा समर स्पेशल दुर्ग से दिनांक 15, 22 एवं 29 अप्रैल, 2024 (सोमवार) तथा 08796 छपरा-दुर्ग समर स्पेशल छपरा से दिनांक 16, 23 एवं 30 अप्रैल 2024 (मंगलवार) को छुटेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 2 एस.एल.आर/एसएलआरडी, 02 सामान्य, 14 स्लीपर, 03 एसी-III, 01 एसी-II सहित कुल 22 कोच रहेगी। इस गाड़ी की विस्तृत समय-सारणी निम्नानुसार है।

08795 दुर्ग-छपरा समर स्पेशल		स्टेशन	08796 छपरा-दुर्ग समर स्पेशल	
पहुंच	छूट		पहुंच	छूट
— (सोमवार)	22.20	दुर्ग	19.30	— बुधवार
23.00	23.05	रायपुर	17.40	17.45
23.53	23.55	भाटापारा	16.26	16.28
01.15	01.25	उसलापुर	15.30	15.40
02.41	02.43	पेंड्रारोड	13.20	13.22
03.20	03.25	अनूपपुर	12.35	12.40
03.58	04.08	शहडोल	11.50	12.00
05.04	05.06	उमरिया	10.54	10.56
07.00	07.10	कटनी	08.45	08.55
08.20	08.25	सतना	07.05	07.10
10.00	10.05	मानिकपुर	05.55	06.00
10.42	10.47	शंकरगढ़	04.27	04.32
11.50	12.05	प्रयागराज	03.35	03.50
13.40	13.50	बनारस	02.00	02.10
19.30	— (मंगलवार)	छपरा	— (मंगलवार)	22.15

श्रीमती राजरानी खन्न निधन

रायपुर (विश्व परिवार)। अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीय माता जी 85 वर्षीय श्रीमती राजरानी खन्ना का दुखद निधन दिनांक 12-04-2024 शुक्रवार को हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा आज दिनांक 12-04-2024 शुक्रवार को शाम 4:00 बजे निवास स्थान केलकर पारा (स्टेशन रोड) से निकल कर मारवाड़ी शमशान घाट जाएगी वे स्व. श्री भगत राम खन्ना की धर्मपत्नी, भीमसेन, सेनापति, राजेन्द्र, राजेश, सीमा, ममता की माता जी एवं संजीव सभ्रवाल व तंजीव अरोरा की सास थी।

व्यय प्रेक्षक आस्थानंद पाठक ने मल्टीलेवल पार्किंग के टेरिस से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की दिलाई शपथ

रायपुर (विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में आज व्यय प्रेक्षक श्री आस्थानंद पाठक ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग की टेरिस से जिले के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी श्री संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप उपस्थित थे। व्यय प्रेक्षक श्री पाठक ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की जा रही है। मतदान के लिए जागरूक करने शत-प्रतिशत लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। मतदान केंद्रों में सारी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। हमारे पूर्वजों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्ष और बलिदान के बाद मतदान का अधिकार मिला है। हमें ब्रिटिश काल में मतदान के अधिकार नहीं थे। कुछ संघर्ष के बाद सीमित लोगों को अधिकार दिए गए। उसके बाद संघर्ष किया गया और स्वतंत्रता के बाद सभी वर्ग के लोग को यह अधिकार मिला है। इसलिए हमें इसे अधिकार समझते हुए अवश्य मतदान करना होगा। अधिक से अधिक लोग मतदान केंद्रों में पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करें और मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करने में भूमिका अदा करें। साथ ही दूसरों को मतदान करने के लिए भी प्रेरित करें। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि आज मतदाता जागरूकता के लिए शपथ लेने का नया कीर्तिमान बनाया जा रहा है। अधिकारी-कर्मचारी के अलावा गांव-गांव में नरेगा मजदूर, स्कूल-कॉलेज के शिक्षक सहित स्वयं सेवी संस्थाओं के कर्मचारियों के द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। डॉ. सिंह ने कहा कि अधिक से अधिक लोग मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान करें। मतदान केंद्रों में सारी बुनियादी सुविधाओं का ख्याल रखा गया है। कर्मचारियों की सुविधाओं पर भी ध्यान दिया गया है। मतदाता जागरूकता के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है और मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए बाइक रैली, स्वीप एक्सप्रेस के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है।

शत-प्रतिशत करें मतदान, दूसरों को भी करें प्रेरित: व्यय प्रेक्षक आस्थानंद पाठक

एसएसपी श्री संतोष सिंह ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिक से अधिक मतदान जरूरी है। मतदाता जागरूकता का संदेश हर तरफ हो, इसके लिए आयोजन किए जा रहे है। लोकतंत्र की भागीदारी में मतदान आवश्यक है। मतदाता जागरूकता के इस आयोजन के लिए प्रशासन की टीम को धन्यवाद देता हूं। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग की टेरिस पर हजारों की संख्या में आज अधिकारी व कर्मचारी मतदाता जागरूकता की शपथ ली।

धरसीवां में बृजमोहन अग्रवाल ने रोड शो कर जनता से किया संपर्क

रायपुर (विश्व परिवार)। भारतीय जनता पार्टी रायपुर लोकसभा चुनाव में रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव का इतिहास दोहराने की तैयारी में है। पार्टी उम्मीदवार एवं वरिष्ठ मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने शुक्रवार को

धरसीवा विधानसभा क्षेत्र, के धरसीवां मंडल और विधानसभा मंडल में रोड शो कर जनता से संपर्क किया। इस जनसंपर्क अभियान की शुरुआत धनेली से हुई जिसके बार काफिला सांकरा, चरौदा, कूरा, देवर, कुकेरा, कुथरेल, मलौद, कुरूद, सिलयारी, पथरी, मांढर, टेकारी होते हुए बरौदा पहुंचा और आज के रोड शो का समापन हुआ। इस अभियान के दौरान बृजमोहन अग्रवाल ने जगह जगह लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ के निर्माण का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी को जाता है, जिनके शासनकाल में राज्य की स्थापना हुई थी और भाजपा शासन काल के दौरान रायपुर का तेजी से विकास हुआ।

हेमाटोलॉजी के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक आयोजन बनने जा रहा हेमाक्रेस्ट सम्मेलन 12 से 14 अप्रैल तक रायपुर में

रायपुर (विश्व परिवार)। हेमाटोलॉजी के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक आयोजन बनने जा रहा हेमाक्रेस्ट सम्मेलन 12 से 14 अप्रैल 2024 तक रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ हेमेटोलॉजी एसोसिएशन द्वारा आयोजित यह समावेश 150 से अधिक सबसे सम्मानित हेमेटोलॉजिस्ट, और चिकित्सक को एक साथ लाने का वादा करती है।

हेमाक्रेस्ट ज्ञान के आदान-प्रदान, सहयोगात्मक चर्चा और हेमेटोलॉजी में नवीनतम प्रगति और सफलताओं की खोज के लिए एक अनूठा मंच प्रस्तुत करता है। सम्मेलन का विषय, हेमाक्रेस्ट- हेमेटोलॉजी के फ्रंटियर्स को एक साथ नेविगेट करना, हेमेटोलॉजी देखभाल के भविष्य में आने वाली चुनौतियों और अवसरों से निपटने में सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

तीन दिनों के दौरान, हेमाक्रेस्ट उपस्थित लोगों के लिए एक गतिशील मंच प्रदान करेगा: प्रमुख विशेषज्ञों द्वारा दी गई विचारोत्तेजक प्रस्तुतियों में शामिल होना, जिसमें हेमेटोलॉजिकल विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल होगी; ज्ञान साझा करने और सहयोगात्मक समस्या-समाधान को बढ़ावा देने के लिए इंटरैक्टिव कार्यशालाओं और पैनल चर्चाओं में भाग लें; सूचनात्मक पोस्टर प्रस्तुतियों के माध्यम से नवीनतम शोध निष्कर्षों का पता लगाएं; पूरे पूर्व के सहकर्मियों के साथ नेटवर्क बनाना, मूल्यवान संबंध स्थापित करना और भविष्य में सहयोग को बढ़ावा देना; हेमटोलॉजिकल देखभाल के परिदृश्य को आकार देने वाले नवीनतम उपचार तौर-तरीकों और प्रौद्योगिकियों में अंतर्दृष्टि प्राप्त करें।

हेमाक्रेस्ट का लक्ष्य हेमेटोलॉजी में प्रगति के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करना, स्वास्थ्य पेशेवरों को अपने मरीजों को उच्चतम गुणवत्ता की देखभाल प्रदान करने के लिए आवश्यक ज्ञान और संसाधनों के साथ सशक्त बनाना है। सम्मेलन कार्यक्रम में घातक और गैर-घातक रक्त विकारों सहित विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल होगी; स्टेम सेल प्रत्यारोपण; सेलुलर और आणविक उपचार; रुधिर संबंधी विकृतियाँ; बाल चिकित्सा रुधिर विज्ञान; रक्त आधान दवा और भी बहुत कुछ। डॉ. गुरमीत सिंह, अध्यक्ष; छत्तीसगढ़ हेमेटोलॉजी एसोसिएशन और डॉ दिब्येन्दु डे सचिव; छत्तीसगढ़ हेमेटोलॉजी एसोसिएशन; इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेने के लिए भारत भर के सभी हेमेटोलॉजिस्ट, शोधकर्ताओं, चिकित्सकों और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को हार्दिक निमंत्रण देता है।

रायपुर रेल मंडल में ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को लेकर आरएसडी/रायपुर में संरक्षा सेमिनार का आयोजन

रायपुर (विश्व परिवार)। दिनांक 12 अप्रैल 2024 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन, यांत्रिक तथा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों के साथ आर एस डी/रायपुर में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई- स्पैड से बचाव एवं ऑटो सिग्नल को ऑन अवस्था में पार करना, शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां एवं गाड़ियों का सिक्योरिंग, इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा बरती जाने वाली ग्रीष्मकालीन सावधानियां, हॉट एक्सल, दरवाजा खुलने आदि से बचने के लिए साइडिंग और स्टेशनों से गाड़ी क्लियर करते समय ट्रेनों की जांच करना, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण, तथा अग्निशामक यंत्र का उपयोग एवं प्रदर्शन।

इस संरक्षा सेमिनार में श्री प्रवीण कुमार, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी/रायपुर तथा त्रिनाथ मोहंती, संरक्षा सलाहकार/विद्युत, श्री हरिश चंद्र कर, संरक्षा सलाहकार/विद्युत, श्री संजीव कुमार सिंह, संरक्षा सलाहकार/इंजीनियरिंग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा संगठन/रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 02 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके। उक्त संरक्षा संगोष्ठी में संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर, एवं फील्ड कर्मचारियों को मिलाकर कुल 47 लोगों ने भाग लिया।

महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति-2024 के आयोजन में माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी को किया आमंत्रित

सकल जैन समाज की 48 मिनट सामुहिक सामायिक आराधना में उमड़ा सकल जैन समुदाय

रायपुर (विश्व परिवार)। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति 2024 इस वर्ष 21 अप्रैल 2024 को हर्षोल्लास के साथ धार्मिक वातावरण में धूम धाम से मनाया जायेगा। इस अवसर परछत्तीसगढ़ प्रदेश में मा.मुखमंत्री विष्णु साय जी को आमंत्रण देने समिति के सदस्य मुख्यमंत्री निवास पहुंचे और 21 अप्रैल को भगवान महावीर जन्म कल्याणक महा महोत्सव में आने का निवेदन भी किया।आमंत्रण पत्र देने महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2024 के सदस्यो में अध्यक्ष जितेंद्र गोलछा, महासचिव वीरेंद्र डागा, कोषाध्यक्ष अमित मूणत, कार्यकारी अध्यक्ष अमर बरलोटा के साथ अशोक, संखला, राजेंद्र पारख, अतुल जैन, लोकेश जैन उपस्थित थे।

आज दिनांक 12 अप्रैल को सुबह 6:30 बजे प्रतिदिन की तरह प्रभात फेरी का आयोजन किया गया यह प्रभात फेरी श्री महेश भवन के पास श्री नगर रोड से होते हुए श्री लक्ष्मी सांई भवन झंडा चौक के पास शिवानंद नगर श्रीनगर में समाप्त हुई। जहा कार्यक्रम संयोजक एवं प्रभारी श्री साधुमार्गी जैन समता युवा संघ, रायपुर के सदस्य के साथ बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित थे।प्रभात फेरी में बच्चो ने धार्मिक एवं सामाजिक संदेश के लिए वेशभूषा धारण कर फैंसी ड्रेस में भाग लिया।

12 अप्रैल शुक्रवार को भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के अंतर्गत सकल जैन समाज (सम्पूर्ण 14 घटकों) के द्वारा सामूहिक सामायिक आराधना में जनसमुदाय उमड़ पड़ा। आज सुबह 8:55 से 9:55 तक स्थान श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, एम.जी. रोड, रायपुर में यह कार्यक्रम रखा गया था। सामूहिक सामायिक का जैन दर्शन में विशेष महत्व है। एक समय सीमा में अपने को बांधकर स्वयं के साथ संवाद एक तरह से हमारी साधना- आराधना की विशिष्ट पद्धति है। इससे मन एकाग्र होता है। अशुभ विचारों का सिलसिला रुकता है। आत्मा में स्थिरता आती है। समता के भाव जगते हैं। वृत्तियों-प्रवृत्तियों का शोधन होता है।महावीर जन्मकल्याणक के अवसर पर विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सामूहिक सामायिक का लक्ष्य रखते हुए सभी के आत्मकल्याण, आत्म चिंतन की दिशा में एक शुभ पहल की जा रही है।भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति 2024 की भावना है कि हम सभी परम्पराओं एवं कल्प मर्यादाओं का सम्मान करते हुए 48 मिनट का एक सामायिक कर वीर प्रभु की आराधना सम्वेत स्वर में कर जन्मकल्याणक दिवस को सफल एवं सार्थक बनाएं। केवल आज ही नही सामयिक आपके जीवन का स्थाई हिस्सा बन जाए।यह धार्मिक आयोजन शुद्ध सामायिक आत्मा को मोक्ष के द्वार तक ले जाने वाला साधन है। जिसमे सभी धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित होकर परम्पराओं एवं कल्प-मर्यादा का सम्मान करते हुए 48 मिनट एक सामायिक लेकर एक साथ एक स्वर में वीर प्रभु की आराधना कर जन्म कल्याणक दिवस को सफल एवं सार्थक बनाया।

इस आयोजन में सामायिक उपकरण साथ लेकर पुरुष सामायिक की वेशभूषा में व महिलाएँ पारंपरिक पूजा के वेश या केसरिया या लाल साड़ी में पधारे उपस्थित थी। इस कार्यक्रम के लाभार्थी स्व. श्रीमति इंदिरादेवी जैन के आत्मश्रेयार्थ लाभार्थी श्री जी.सी.जैन, कीर्ति, कमलेश जैन, रत्नेश जैन, लवकुश जैन परिवार श्रीमति पुष्पा देवी भीखम चंद जी कोठारी, , मनोज, कविता, संभव, श्रेया, श्रेजस, सिद्धान्त कोठारी परिवार, आनंदम, कचना वर्ल्ड सिटी, रायपुर वाले है।

कलिंगा विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग में 3डी- सीएफडी सिमुलेशन पर व्याख्यान

रायपुर (विश्व परिवार)। कलिंगा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सदस्यों ने 10 अप्रैल, 2024 को सिविल और पर्यावरण इंजीनियरिंग में 3डी-सीएफडी (कम्प्यूटेशनल फ्लूइड डायनेमिक्स) सिमुलेशन के परिवर्तनकारी अनुप्रयोगों पर फ्लुइडिन ग्रुप के निदेशक प्रोफेसर चंदन घोष द्वारा दिए गए अतिथि व्याख्यान में भाग लिया।

मैकेनिकल, सिविल, प्राणी विज्ञान और कम्प्यूटर साइंस सहित विभिन्न विषयों के 30 से अधिक शिक्षकों के एक दिलचस्प सत्र में प्रोफेसर घोष ने 3डी सिमुलेशन और फ्लुइडिन द्वारा विकसित अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर की जटिलताओं पर प्रकाश डाला। फ्लुइडिन संख्यात्मक सॉल्वरों की अद्वितीय क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए, प्रोफेसर घोष ने विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उनकी अपरिहार्य भूमिका को रेखांकित किया, जिनमें शामिल हैं। वायु प्रदूषण घटना और मात्रात्मक जोखिम मूल्यांकन (क्यूआरए), वायुमंडलीय विषाक्त गैस रिसाव और कण फैलाव (ईआईए), आग और गर्मी विकिरण, जैसे: शहरी ताप द्वीप, सीमित स्थानों में प्रदूषक फैलाव, ज्वलनशील गैस/एयरोसोल फैलाव और विस्फोट, तेल टैंक फटना और ओवरटॉपिंग, हवा और पानी में रेडियोधर्मी उत्पादों का फैलाव, सतह और भूजल प्रदूषण, वास्तविक समय रिसाव स्रोत का पता लगाना और फैलाव और इनडोर /बाहरी वायु गुणवत्ता और स्वास्थ्य पर प्रभाव। औद्योगिक पर्यावरणीय प्रभाव (ईआईए) और जोखिम विश्लेषण (क्यूआरए) के साथ-साथ द्रव गतिशीलता (सीएफडी), द्रव-संरचना संपर्क, गर्मी हस्तांतरण और विद्युत चुंबकत्व में कम्प्यूटेशनल तकनीकों और प्रक्रिया मॉडल में कठोर अकादमिक सहयोग से विकसित फ्लुइडिन सॉफ्टवेयर, सटीकता और विश्वसनीयता का प्रतीक है। 3डी संरचनात्मक और तरल गतिशीलता की विशेषता, सावधानीपूर्वक परीक्षण के माध्यम से मान्य अनुभवजन्य और सांख्यिकीय फॉर्मूलेशन द्वारा पूरक, स्नस्ढ्ढष्ठढ्ढह्न सॉफ्टवेयर विश्वसनीय मॉडलिंग परिणाम सुनिश्चित करता है, प्रक्रिया मापदंडों में एक ठोस वृद्धि और दुर्घटनाओं में संभावित परिणामों के विश्लेषण की सुविधा प्रदान करता है।

महेन्द्र कोचर की माता जी का देहावसान

रायपुर (विश्व परिवार)। सदर बाजार स्थित मानस ज्वैलर्स के संचालक, कांग्रेस नेता विकलांग सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष, विनय मित्र मंडल के संस्थापक अध्यक्ष- महेंद्र कोचर व तरुण कोचर की माता श्रीमती चंद्रा बाई कोचर (धर्मपत्नी- स्व. भंवरलाल जी कोचर) का 84 वर्ष की उम्र में आज दिनाँक 12 अप्रैल 2024 को दोपहर 3 बजे निधन हो गया है। वे मानस, गौरव व कल्प की दादी थी एवं गर्वित की पड़दादी थी। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया।

इलेक्ट्रिक स्कूटर ब्लास्ट होने से घायल हुई युवती की मौत

रायपुर (आरएनएस)। इलेक्ट्रिक स्कूटर ब्लास्ट होने से घायल सूरजपुर चंद्रपुर निवासी एक युवती की शुक्रवार को राजधानी रायपुर के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। युवती का काफी दिनों से उपचार चल रहा था। मिली जानकारी के अनुसार 26 मार्च 2024 को सूरजपुर चंद्रपुर निवासी पार्वती ने अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटर को चार्ज के लिए अपने घर पर लगाया था इसी दौरान रात में चार्ज पर लगे स्कूटर में अचानक ब्लास्ट हो गया, जिससे घर में आग फैल गई और घर में सो रही 22 वर्षीय पार्वती झूलसकर गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354